फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 61, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 29 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# माफिया अतीक को उम्रकैद

## 43 साल में पहली बार मिली सजा, फैसला सुनते ही अतीक अपने भाई अशरफ से लिपटकर रोने लगा

### अतीक का कुनबा...




दो नाबालिग बेटे, बाल सुधार गृह प्रयागराज में हैं।

- शाहीन (बहन)
- परवीन (बहन)
- बेबी (बहन)
- बज्जो (बहन)
- डॉ. एकलाख अहमद (बहनोई)
- हामिद (बहनोई)
- नाजिद नुल्ला (मामा)
- जाहिद जादूगर (मामा)
- इसरार (मौसा)
- अन्सार अहमद (मौसा)
- गुदड़ा (मौसा)

**योगी सरकार ने अभियोजन और पुलिस के समन्वय से कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर माफिया अतीक को दिलाई सजा, मुकदमों का शतक लगा चुका है अतीक, सपा सरकार ने मुकदमे लिए थे वापस**

**प्रयागराज/लखनऊः उप्र के इतिहास में 43 साल में जो न**हीं हो पाया, वह छह साल की योगी आदित्यनाथ की सरकार में हुआ। पहली बार माफिया अतीक को किसी मामले में सजा हुई। मुकदमों का शतक लगा चुके माफिया अतीक अहमद की जिंदगी अब सलाखों के पीछे कटेगी। हत्या, अपहरण, दंगा, फिरौती, लूट, डकैती और अवैध जमीन कब्जा सहित कई गंभीर मुकदमों को अपने गले का 'हार' बनाकर घूमने वाले अतीक को एमपी-एमएलए कोर्ट ने मंगलवार को उमेश पाल अपहरण कांड में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह सजा उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए नजीर है। 100 मुकदमों का यह आरोपी पहले जब खुलेआम घूमता था तो यही लगता था कि 'कानून की पकड़ में वह नहीं आएगा। लोगों के मन मस्तिष्क में एक बोर्ड लग गया था। 'पुलिस, कोर्ट, कचहरी और न्याय जैसे शब्दों की सीमा जहां समाप्त होती थी, वहीं से अतीक के आतंक की 'सीमा' प्रारंभ होती है'। लोग माफिया को माननीय का 'पर्याय' समझने लगे थे। लेकिन योगी सरकार ने माफिया को उसकी सही जगह बताई। पहली बार अतीक के चेहरे पर सरकार और कानून का डर दिखा। देश और प्रदेश की जनता ने यह भी देखा कि अभियोजन और पुलिस का बेहतर समन्वय हो और कोर्ट में प्रभावी पैरवी की जाए तो बड़े से बड़े अपराधी को अपने गुनाहों का हिसाब देना पड़ता है और उसे जेल जाना ही पड़ता है। 17 साल पुराने मामले में अतीक समेत कुल 11 को आरोपित बनाया गया था। इसमें से एक आरोपित की मौत हो गई है। मंगलवार की सुबह इस मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई शुरू की। कोर्ट रूम के कटघरे में 10 आरोपी खड़े थे। दो बजे के करीब जज दिनेश चंद्र ने अपना फैसला सुनाया। उन्होंने अतीक अहमद दिनेश पासी और खाना शौलत हनीफ को उम्र कैद की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। साथ ही अतीक के भाई अशरफ समेत सात आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया।




### अतीक की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में अपनी जान को खतरा बता रहे बाहुबली अतीक अहमद की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब उसे गुजरात से यूपी लाया जा चुका है तो अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का कोई मामला नहीं बचता। सुरक्षा या किसी भी और बात के लिए उसे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करनी चाहिए। अतीक अहमद की याचिका में अहमदाबाद जेल से यूपी की जेल में प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया गया था। याचिका में कहा गया था कि यूपी सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान से ऐसा लगता है कि उनका फर्जी एनकाउंटर किया जा सकता है। अगर यूपी भी लाया जाए तो सेंट्रल फोर्स की सुरक्षा में लाया जाए। अतीक अहमद ने कहा था कि उसे उमेश पाल हत्याकांड मामले में यूपी पुलिस के हवाले न किया जाए। जो भी पूछताछ करनी है वह गुजरात की अहमदाबाद जेल में ही हो।

**फैसला सुनते ही अतीक भाई से लिपटकर रोने लगा**

एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला सुनते ही अतीक अपने भाई अशरफ से लिपटकर रोने लगा। कानून के सामने अतीक को इस तरह गिड़गिड़ाते देखना उमेश पाल के परिवार को सुकून पहुंचाने वाला तो था ही। साथ ही चार दशक से ज्यादा समय से न्याय की आस में अपनी एड़ियां घिस रहे तमाम उन मासूम परिवारों के चेहरे पर भी मुस्कान लाने वाला था, जिन्होंने अतीक का जुर्म झेला था। राज्य सरकार के प्रवक्ता कहते हैं कि एक समय ऐसा था जब सपा सरकार में इस माफिया पर से मुकदमे वापस लिए जाते थे। सार्वजनिक मंचों पर सपा नेता उसके साथ मंच साझा करते थे और अपनी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़वाते थे। अतीक माफिया राजनीति और अपराध के गठजोड़ की मिसाल बन गए था। यह अपराध और अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी की जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि कानून से ऊपर माने जाने वाले माफिया का अभेद्य किला ध्वस्त हो गया। इससे माफिया और उसके हितैषी बौखलाए और घबराए हुए हैं।

**इस मामले में मिली सजा**

अतीक और उसके दो सहयोगियों को बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के गवाह उमेश पाल के अपहरण के मामले में सजा मिली।

गवाही बदलवाने के लिए 17 साल पहले अतीक और उसके गुर्गों ने उमेश पाल का अपहरण कर लिया था। उन्हें अपने दफ्तर ले जाकर टार्चर किया और फिर जबरदस्ती हलफनामा दिलवाकर गवाही बदलवा दी।

अतीक के चंगुल से मुक्त होकर उमेश पुलिस के पास गए और मुकदमा दर्ज करवाया। आज कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अतीक समेत बाकी दोनों आरोपियों को धारा-364ए/34, धारा-120बी, 147, 323/149, 341,342,504, 506 के सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसी के साथ उमेश के साथ अतीक के गुनाहों का पहला इंसाफ हो गया है।

### पहली बार किसी मामले में अतीक अहमद को सजा मिली: एडीजी

**लखनऊः उमेश** अपहरणकांड मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने अतीक अहमद समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जुमार्ना लगाया है। कोर्ट के फैसले के उत्तर प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार का बयान आया कि पहली बार किसी मामले में अतीक अहमद को सजा मिली है। एडीजी लॉ एण्ड आर्डर ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पिछले कुछ सालों में प्रदेश की जनता को यह विश्वास दिलाया है कि अपराध और अपराधियों के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति अपनायी जा रही है। सभी माफियाओं के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों और माफियाओं के चिन्हीकरण में न कोई जाति और न कोई धर्म देखा गया है। सिर्फ माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की गई है। अभी तक 166 माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध जो कार्रवाइयां की गईं, उसका अनुश्रवण खुद एंटी माफिया टॉस्क फोर्स के प्रमुख डीजीपी ने किया है। एडीजी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जो कार्रवाई हुई है, उसके परिणाम भी आने लगे हैं। अभी तक जो माफिया चिन्हित किए गए हैं, उनकी लगभग 2827 करोड़ की सम्पत्ति जब्त और



ध्वस्त की जा चुकी है। इनके ठेके और टेंडर से जो नुकसान हुआ है, उसकी राशि लगभग 15 सौ करोड़ रुपये है। इस दौरान माफियाओं और साथियों को दंडित कराया है,उसकी संख्या 48 है। एडीजी ने बताया कि प्रदेश के माफिया अतीक को पहली बार कोर्ट से सजा सुनाई गई है। उसे राजूपाल हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल के अपहरण के आरोप में सजा हुई है। न्यायालय ने यूपी पुलिस के द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य और तमाम गवाहों के बयानों और अभियोजन पक्ष की पैरवी पर अतीक सहित तीन दोषियों को उम्र कैद और एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। अभियुक्तों से मिली राशि पीड़ित परिवार को सौंपी जाएगी। एडीजी ने कहा कि शासन ने जनता में कानून का भरोसा बढ़ाया है। प्रदेश में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं। यूपी के हर जिलों में माफियाओं पर कार्रवाई जारी है। हमने माफियाओं को मिटाने की प्रतिज्ञा ले रखी है।

## दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा भारत : योगी

**बस्ती।** डॉक्टर वाईडी सिंह का नाम बस्ती, गोरखपुर और पूर्वांचल के हर शख्स की जुबान पर लंबे समय तक बना रहेगा। इस धरती का सौभाग्य है कि उनका जन्म इस धरा पर हुआ था। बस्ती उनकी जन्मभूमि है व गोरखपुर उनकी कर्मस्थली रही। उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया व गोरखपुर मेडिकल कॉलेज को ऊंचाइयां दी। एक संवदेनशील चिकित्सक के रूप में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों बच्चों के जीवन को बचाने के लिए उनके स्तर पर किये गये प्रयास सराहनीय हैं। उस वक्त मेडिकल कॉलेज के लिए पैसा नहीं था। उन्होंने अपने पैसे से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल विभाग को काफी बेहतरीन बनाया। जब वह बीआरडी के बाल रोग विभाग के अध्यक्ष थे तब वह मेडिकल कॉलेज का सबसे अच्छा



विभाग माना जाता था। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बस्ती के एडी अकादमी धर्मपुर, दुबौलिया बाजार में आयोजित स्व. डॉ. वाईडी सिंह की स्मृति ग्रन्थ लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण पर कहीं।

**व्यक्तित्व में झलकते थे पंच प्रण:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डॉ. वाईडी सिंह ने बाल रोग विभाग के अध्यक्ष और फिर प्राचार्य के रूप मे लाखों बच्चों के जीवन में एक परिवर्तन किया। उन्हे जीने की नई राह दिखाई। वे एक अच्छे समाजसेवी भी थे। बीआरडी मेडिकल कॉलेज बंद होने पर वह अपने घर पर बच्चों को देखते थे। अपनी मातृ भूमि बस्ती में हर शनिवार और रविवार को फ्री में बच्चों का इलाज करते थे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण की बात की थी, जिनकी बहुत सी बातें डॉ. वाईडी के व्यक्तित्व में झलकती थीं। अगर देश का हर नागरिक ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे तो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने में देर नहीं लगेगी। इसके लिए हर नागरिक को अपने कार्य और जिम्मेदारी का संकल्प लेना होगा।

**अपनी विरासत का सम्मान करें:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी विरासत का सम्मान करना होगा। बिना भेदभाव-मजहब के अपने कर्तव्यों में लग जाएं।

## जी-20 से उत्तराखंड की संस्कृति को मिलेगा ग्लोबल होने का अवसर : धामी

**रुद्रपुर (उधमसिंह नगर)।** मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में जी-20 सम्मेलन की तीन बैठकों से उत्तराखंड की संस्कृति और कारपोरेट को विश्व में ग्लोबल होने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि आज से रामनगर में जी-20 राउंड द टेबल मीटिंग होने वाली है। पूरे भारतवर्ष में होने वाली पांच बैठकों में से यह



एक है। इस बैठक में जी-20 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन-तीन बैठकों की जिम्मेदारी उत्तराखंड राज्य को दी है। इससे हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा को संपूर्ण विश्व में ग्लोबल होने का मौका मिलेगा।

## डॉक्टरों से फिर अपील: काम पर लौटें, प्रदेश का बढ़ाए मान: मुख्यमंत्री

**जोधपुरः प्रदेश** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राइट टू हैल्थ बिल जनता की भलाई के लिए बनाया गया है। इस बिल से राजस्थान के डॉक्टरों का मानसम्मान देश भर में बढ़ेगा। वे किसी प्रकार की गलत फहमी में ना रहें। वे काम पर लौटे और प्रदेश का मान बढ़ाए। उनके द्वारा की जा रही हड़ताल अनुचित है। वे आज जोधपुर में संक्षिप्त यात्रा पर संभाग स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने आए थे और यहां एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरें में है। आज न्यायपालिका से लेकर हर कोई व्यवस्था दबाव में कार्य कर रही है। देश में इडी और सीबीआई पर केंद्र का आधिपत्य है। वे सरकार के दबाव में कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा हाईकोर्ट में जाने के सवाल पर कहा वे कोर्ट में पेशी पर जाने का तैयार है। केंदीय मंत्री को इसका जवाब देना चाहिए। देश के दो लाख लोगों का पैसा फंसा हुआ है। उन्हें इसके लिए जवाब देना चाहिए। अब वे सीबीआई जांच की मांग कर रहे है। जबकि मामले में एसओजी जांच कर चुकी है।

## बैंकों को वित्तीय संतुलन बनाए रखने की जरूरत: राष्ट्रपति

**कोलकाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन मंगलवार को यूको बैंक की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता के लिए बैंकों को बैलेंस बनाकर चलने की जरूरत है। इस दौरान राष्ट्रपति ने वर्चुअल माध्यम से यूको बैंक की 80 नई शाखाओं का उद्घाटन भी किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा "बैंकों की पहली जिम्मेदारी लोगों के पैसों की रक्षा करना है। बैंकों का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू संपत्ति का निर्माण है। इस संतुलन को बनाए रखना



होगा और अगर गड़बड़ी हुई तो आर्थिक समस्या होगी।"

यह कहते हुए कि वे बैंकरों के परिवार से हैं, राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों ने लेनदेन को निपटाने के लिए कोरोना महामारी के दौरान बहुत बड़ा काम किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों की दो प्रमुख जिम्मेदारियां होती हैं। सबसे पहले, उन्हें जनता के पैसे का संरक्षक होना चाहिए। दूसरा, वे कल के लिए संपत्ति बनाने के लिए आज की बचत का उपयोग करते हैं। इन दोनों जिम्मेदारियों को संतुलित करना हर बैंक के लिए एक चुनौती है। सही संतुलन बनाने में असमर्थता ने कभी-कभी विश्व के विभिन्न भागों में आर्थिक चिंताओं को जन्म दिया है।

बैंक उन लाखों लोगों के भरोसे को बनाए रखने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं जो बैंकों में अपना पैसा बचाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बैंक के पेशेवर कर्मचारी और सतर्क नेतृत्व इन जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यूको बैंक 1943 में अपनी स्थापना के बाद से बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इसने विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऋण और वित्तीय सेवाएं प्रदान करके हमारे देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मप्र विस में नेता प्रतिपक्ष को समन भेजने पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को किया तलब

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह को जारी समन के खिलाफ सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने गोविंद सिंह के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ईडी की ओर से किसी आरोपित को समन जारी करने और बयान लेने के प्रावधान के खिलाफ दायर याचिका का परीक्षण करेगा। याचिका में मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 50 और 63 की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। याचिका में ईडी ने 13 जनवरी को गोविंद सिंह को जारी समन को भी रद्द करने की मांग की गई है। गोविंद सिंह ने याचिका में कहा है कि केंद्र सरकार के दबाव में ईडी ने बिना किसी कारण के उन्हें नोटिस जारी किया। ईडी ने गोविंद सिंह को जनवरी 2023 में दिल्ली में बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था। समन में गोविंद सिंह को 27 जनवरी को ईडी मुख्यालय में पेश होने को कहा गया था।

## रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेगा भारत : राजनाथ

**नई दिल्ली:** भारत-अफ्रीका सेना प्रमुखों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेगा। राजनाथ सिंह ने अफ्रीकी कंपनियों को उनकी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध एक बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने के लिए परस्पर सहयोग को बढ़ावा देते हैं, जो विकासशील देशों की आकांक्षाओं के प्रति अधिक उत्तरदायी है।



अफ्रीका-भारत के संयुक्त अभ्यास 'ऑफइंडेक्स' के मौके पर पुणे में मंगलवार से भारत-अफ्रीका सेना प्रमुखों का सम्मेलन शुरू हुआ है। कॉन्क्लेव में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और 31 अफ्रीकी देशों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ-साथ अन्य नागरिक और रक्षा गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सम्मेलन के पहले सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, स्थिरता को बढ़ावा देने और रक्षा क्षमताओं को एक साथ बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों के साथ काम करना जारी रखेगा। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति और क्षमता तभी महसूस की जा सकती है, जब उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। रक्षा मंत्री ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, रोजगार का अधिकार, आजीविका का अधिकार जैसे व्यक्तिगत मानवाधिकारों

## अडानी ग्रीन पर सख्त हुआ निगरानी का दायरा

### अडाणी ग्रुप की सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद

**नई दिल्ली। अडाणी** ग्रुप की कंपनियों की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने इस ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी को लॉन्ग टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर (एएसएम) फ्रेमवर्क के दूसरे स्टेज में डाल दिया है। इसका मतलब इस कंपनी के कारोबार पर स्टॉक एक्सचेंजों ने निगरानी और सख्त कर दी है। एनएसई और बीएसई का ये फैसला आज से ही प्रभावी हो गया है।

अडाणी ग्रुप को एक्सचेंज के इस



फैसले से जोरदार झटका लगा है। इसका असर आज ग्रुप की कंपनियों के शेयरों के कामकाज पर भी नजर आया। अडाणी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में से 5 कंपनियों के शेयर पर आज लोअर सर्किट लग गया।

दूसरी ओर शेष 5 कंपनियों पर भी बिकवाली का जोरदार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से वे जोरदार गिरावट के साथ बंद हुईं।

## खबर संक्षेप



### जंघई में श्रीराम जन्मोत्सव व भव्य श्रीराम नवमी शोभा यात्रा का आयोजन 30 मार्च को

**जंघई।** श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम नवमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं विशाल श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन हनुमान मंदिर सेवा समिति जंघई बैंक ऑफ बड़ौदा, एवं विश्व हिन्दू परिषद प्रतापपुर, व्यापार मंडल जंघई तथा समस्त ग्राम एवं क्षेत्र वासियों तथा धार्मिक संगठनों के सहयोग से संपन्न कराया जायेगा। ढोल नगाड़ों डीजे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान मंदिर प्रांगण बैंक ऑफ बड़ौदा जंघई से तीन बजे से होगा जो कि पूरे जंघई बाजार में भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी।समस्त हिन्दू समाज एवं राम भक्तों का इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए आयोजकों द्वारा आवाहन किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

### मकान के पीछे मिला शव, जांच में जुटी पुलिस, देर रात उठकर गए थे बाहर



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। आसपास के लागों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।मेजा थाना क्षेत्र के तुडिहार (कपूरी का पूरा) गांव के रहने वाले खलील अली (52) पुत्र स्व. वंदे अली बीती रात खाना खाने के बाद घर में सो गए थे। इस दौरान बीच रात वो लघुशंका के लिए उठे और घर से बाहर निकले। इसी बीच घर के बाहर उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।सुबह परिजन सो कर उठे तो देखा कि बाहर खलील अचेतावस्था में जमीन पर गिरे थे। जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारीजनों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।वहीं इसकी सूचना मेजा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही। उधर घटना को लेकर मृतक के परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, बच्चे अनाथ



**घूरपुर/लालापुर।** सोमवार को घूरपुर के पास सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।युवक की मौत से उसके दो बच्चे अनाथ हो गये हैं।लालापुर थाना क्षेत्र के डेराबारी गांव निवासी राम बली पाल 40 वर्ष पुत्र चंद्रभान पाल सोमवार को प्रयागराज से वापस घर लौट रहे थे।घूरपुर के कंजासा पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे।परिजन उनका इलाज घूरपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में करा कर इलाज करा रहे थे। मंगलवार भोर अचानक उनकी स्थिति बिगड़ गई तो अस्पताल से उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।जहां उनका इलाज शुरू हुआ कुछ देर बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक रामबली के एक पुत्री अंजली 17 वर्ष पुत्र राहुल 15,अमिल 13 वर्ष हैं।पत्नी सुधा की मौत तीन वर्ष पहले ही हो चुकी है। राम बली की मौत से बच्चे अनाथ हो गये हैं। घूरपुर पुलिस एफआईआर दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सुप्रीम कोर्ट के निकाय चुनाव के लिए हरि झंडी देते ही चर्चाओं का बाजार गर्म

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** निकाय चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हरि झंडी देते ही नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चचाओं का बाजार गर्म हो गया है।आरक्षण सूची का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। मऊआइमा नगर पंचायत जनपद की सबसे पुरानी टाउन एरिया है।अभी तक यहां कुल तेरह चेयरमैन हो चुके हैं। प्रथम चेयरमैन फैज उल्ला के बाद अय्यूब मियां, तुफैल मियां के आकस्मिक निधन के बाद निर्विरोध अब्दुल समद को चेयरमैन पद मिला। उसके बाद मोहम्मद इसहाक, अब्दुल हकीम, मोहम्मद उमर एडवोकेट के बाद उन्नीस साल सीट रिक्त रही। फिर चुनाव में अब्दुल रशीद ,उनकी पत्नी इस्लाहुन निशां, मोहम्मद नोमान, के बाद मोहम्मद शोएब अंसारी, फिर मोहम्मद शोएब अंसारी, फिर उनकी पत्नी फात्मा अंजुम 19 जनवरी 2023 तक चेयरमैन पद रही। आरक्षण के कारण निकाय चुनाव टल जाने से मामला न्यायालय में चला गया ।सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव कराए जाने के लिए हरि झंडी दे देने से नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। परन्तु आरक्ष सूची का सभी को बेसब्री से इंतजार है। आरक्षण सूची आते ही चुनाव का जोर पकडना तय है। फिलहाल नगर पंचायत मऊआइमा में चौदह वार्ड हैं यहां इस बार पिछले बार चौदह हजार पांच सौ मतदाता थे। इसबार बढ कर सोलह हजार के करीब पहुंच गया है।




### आरक्षण सूची का सभी संभावित उम्मीदवारों को है सिद्दत से इंतजार

जनपद की सबसे पुरानी टाऊन एरिया मऊआइमा को कहा जाता है। सन 1921 में टाउन एरिया की घोषणा हुई तथा सन 1939 में नजरी नक्शा बन कर नगर पंचायत कार्यालय की स्थापना हुई। फिलहाल चौदहीं बार होने जा रहे चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों को आरक्षण सूची का इंतजार है। बहरहाल नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चर्चा चाय पान अन्य स्थानों पर चलने लगा है।





## श्रीमद् भागवत कथा का पांचवा दिन का आयोजन संपन्न

**कथा के पंचम दिवस पर कथावाचक पं. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना रूपी वासना का वध किया था**

अखंड भारत संदेश

**जारी।** क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में दिन मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस में कथावाचक पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी भागवत भ्रमर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना रूपी वासना का वध किया। कई प्रसंगों के माध्यम से कथा सुनाई। कथा पंडाल में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। इस भव्य और दिव्य धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन करता के द्वारा कराया जा रहा है जोकि हमारे पूज्य स्वर्गीय पिता जी के सपनों को साकार करने के लिए पहली बार ऐसा धार्मिक अनुष्ठान हमारे गांव लोटाढ़ में हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने कमलापति त्रिपाठी एडवोकेट का अभिवादन किया आभार प्रकट किया धन्यवाद दिया। अवसर पर कथा पंडाल में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा जिसमे प्रमुख रूप से राजेंद्र कुमार मिश्र बबुआन, पप्पू सिंह छ्तहरा प्रमुख, जसरा अवधेश शुक्ल बहेरा सूर्यनिधान पांडेय लालापुर, रामरक्षा शुक्ल खीरी, अनिल मिश्र खटागिया, गया प्रसाद तिवारी ऐडवोकेट, चंद्रदत्त पांडेय ऐडवोकेट, वीरेंद्र शुक्ल निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजुयुमो, रजभान सिंह कौधियारा, अरूण तिवारी सेहरा,श्रीराम बिंद आदि क्षेत्रवासियों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट में महिला गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश



**पीड़िता ने थरवई थाने पर पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है**

**थरवई।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता ने थरवई थाने पर पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया भेज दिया। जहां से महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार, फूलपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले थरवई थाना क्षेत्र के मनेथू गांव निवासी अमरावती देवी पत्नी राम सूचित का पड़ोसियों से जमीनी विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह विपक्षीगण कमलेश कुमार, विनय कुमार पुत्रगण रामजियावन बिन्द व मुकेश कुमार, सोनू कुमार पुत्रगण विनय कुमार बिंद भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर आ गए। उन्होंने हमला कर दिया। हादसे में महिला को गंभीर चोट आई है। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के बेटे मुन्ना प्रसाद और बहू राजकुमारी को भी चोट आई है। थाना प्रभारी ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया भेज दिया गया है। जहां पर अमरावती देवी की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वही पीड़ित ने बताया कि विपक्षियों से उनका पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। जिसके कारण आए दिन गाली-गलौज और मारपीट करते रहते हैं। 2 साल पहले भी दबंगों द्वारा पीड़िता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया था। जिसमें महिला के सिर में गंभीर चोट आई थी और मुकदमा अभी भी चल रहा है।

## मैजिक से की जा रही थी पशु तस्करी, दो गिरफ्तार



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर मैजिक के जरिए भैंस के सात बच्चों को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हे धर दबोचा। पूछताछ के बाद दोनों का चालान भेज दिया गया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शंकरगढ़ थाने की पुलिस एसआई अमरेंद्र सिंह व विवेक कुमार राय की अगुवाई में क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने एक मैजिक को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें भैंस के सात बच्चे मिले। सेननगर चौराहा, शंकरगढ़ पर की गई इस बरामदगी के बाद पुलिस ने मैजिक सवार दो लोगों को हिरासत में लेलिया और सभी को थाने ले आई। एसओ ने बताया कि बबलू वर्मा पुत्र देवलाल (निवासी ग्राम बरहा, जनेह, त्योंथर, रींवा, मध्यप्रदेश) और मोहम्मद जावेद पुत्र मुन्ना खां, (निवासी ग्राम बदौशा, बांदा) के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एचसीपी राजेश सिंह, शशिकांत यादव भी शामिल रहे।

## इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस विजयी

अखंड भारत संदेश



**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के प्रांगण में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलसचिव डाक्टर एस. डी .मैक्कार्टी थे। उन्होंने खिलाड़िओ का हौसला अफजाई की और उन्हे अच्छे से खेल खेलने की अपील की। उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग की पूरी टीम को क्रिकेट प्रतियोगिता कराने के लिए बंधाई भी दी। इससे पहले एथलेटिक कमेटी की सचिव वा शारीरिक शिक्षा विभाग की हेड डॉ सुनीता बी. जॉन ने मुख्य अतिथि को पौधे का गमला देकर उनका स्वागत किया । प्रतियोगिता ब्लू हाउस और पिंक हाउस के बीच खेली गई जिसमें ब्लू हाउस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्लू हाउस ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 131 रन बनाए किन्तु पिंक हाउस की पूरी टीम 99 रनों पर सिमट गई।ब्लू हाउस की तरफ से विपिन सिंह ने 38 रन और अभय कुमार ने 20 रन का योगदान दिया जबकि पिंक हाउस की तरफ से सौरभ निषाद ने नाबाद 29 रन और अजय कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। गेंद बाजी में पिंक हाउस की तरफ से अजय कुमार ने 13 रन देकर तीन विकेट और सूर्यांश ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। उद्घाटन सत्र के दौरान श्री अजय कुमार ,श्री आशीष मैसी डॉक्टर अचिंत टेरेंस, डाक्टर दीप्ती जोशी, मोहम्मद तनवीर अहमद, बिपिन कुमार सिंह, प्रवीण राय सत्यम केसरी तथा युनिवर्सिटी के बहुत सारे छात्र छात्राएं उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का देख रेख क्रिकेट इंचार्ज राकेश साहू वा अचिंत टेरेंस के द्वारा किया गया। यह जानकारी श्री राकेश साहू द्वारा दी गई।

## न्यूज झरोखा

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं अधिकारियों को किया निर्देशित



**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, अमरजीत यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, लेखाधिकारी, अक्षय कुमार, तथा सचिव नगर आयुक्त सूर्य शंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### एसबीएस एकेडमी के छात्र दीपांशु सिंह का सैनिक स्कूल में चयन



**शंकरगढ़।** एसबीएस एकेडमी,मोदी नगर, शंकरगढ़ के छात्र दीपांशु पुत्र अजय कुमार सिंह का चयन सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में हुआ है। दीपांशु के चयन पर स्कूल के डायरेक्टर एसबी सिंह व प्रिसिंपल शर्मिला सिंह ने मिठाई खिलाकर पीठ थपथपाई और बधाई दी। इस अवसर पर एसबी सिंह ने कहा कि दीपांशु का चयन सैनिक स्कूल झांसी के लिए हुआ है। यह उसकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के अन्य बच्चों को भी दीपांशु से प्रेरणा लेते हुए मेहनत करनी चाहिए। प्रिंसिपल शर्मिला सिंह के साथ आमिर, अजहर, विभा सिंह, नीलिमा वर्मा आदि ने भी दीपांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर कांग्रेसियों में आक्रोश है। इसी को लेकर प्रदेश भर में कांग्रेसी सड़क पर उतर गए हैं। कांग्रेसियों का प्रदर्शन लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सदस्यता रद्द करने को लेकर ही अब प्रयागराज में भी कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।बता दें की कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा बीते दिनों ओबीसी आरक्षण पर की गई टिप्पणी को लेकर लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद गांधी परिवार की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रहीं हैं। वहीं उक्त सदस्यता बहाली को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में समर्थकों ने सोनार का तारा इलाके में प्रदर्शन कर विरोध जताते हुए जमकर नारेबाजी किया। कांग्रेसियों ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों से भाजपा सरकार भयभीत है। लेकिन उनका मौन धारण कराना भाजपा सरकार के बस की बात नहीं है। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या से बाज नहीं आ रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में देश भर की जनता भाजपा सरकार को वोट की चोट देकर देश से भागने का काम करेगी।कांग्रेसियों ने आगे कहा कि जब तक उनके नेता की सदस्यता पुनः बहाल नहीं कर दी जाती है तब तक प्रदेश भर में प्रदर्शन जारी रहेगा। कांग्रेसियों ने कहा कि अभी प्रदर्शन किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार आमरण अनशन भी किया जाएगा। इस मौके पर ऑफर बाबा, राहुल पटेल, अतुल तिवारी सहित तमाम कांग्रेसी समर्थक उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी माफी वीर नहीं क्रांतिवीर हैं : बबलू शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**कोंग्रेसीओ ने भाजपा की घोर निन्दा की**




**कोराव।** बबलू शुक्ल जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी माफीवीर नहीं बल्कि क्रांति वीर हैं। शुक्ल ने भाजपा की गांधी की सदस्यता समाप्त कराए जाने की निंदा की। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने पूरे कोरांव बाजार में राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे के साथ प्रदर्शन किए और मोदी अडानी भाई भाई देश बेचकर खाई मलाई आदि नारे लगाए।उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के बजाए देश बेचा जा रहा है। जाती धर्म के नाम पर भाजपा पूरे देश में नफरत फैला रही है। किसानों मजदूरों गरीबों का विनाश कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी की लोक सभा सदस्यता रद्द कर ठीक नहीं किया है। प्रदर्शन में श्री शुक्ल के अलावा आशा राम मिश्रा ,राजित राम भूर्तिया,आशुतोष केशरी,जगदीश उपाध्याय,कमला पटेल,सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाई प्रतिभा

## कुंडा, बाबागंज, बिहार, कालाकांकर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी लोकसभा के सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समित लोक सभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर के प्रयास से कौशांबी विकास परिषद द्वारा आयोजित सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन दूसरे दिन कुंडा ब्लॉक के तुलसी इंटरमीडिएट कॉलेज के खेल प्रांगण में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुंडा क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा मैदान पर दिखाई।

सुबह 10 बजे से ही खिलाड़ियों ने मैदान में पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंगलवार को कुंडा, बिहार, बाबागंज में कब्बड़ी खेल का आयोजन किया गया।



सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

कुंडा ब्लाक में बालिका वर्ग में तुलसी इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राएं विजई घोषित हुई। उप विजेता कंपोजिट विद्यालय ताजपुर की छात्राएं रही। बालक वर्ग में पिपराहवा गांव की टीम विजेता घोषित हुई। खिलाड़ियों में प्रदीप पटेल, साईं पूजन पटेल, ऋषभ पटेल, विपिन सरोज, रितिक निर्मल, कुलदीप पटेल, राहुल पटेल, जय सिंह पटेल, संदीप पटेल, अमल सरोज, कुनाल सरोज, राजेंद्र पटेल। उपविजेता टीम हथिगवां की घोषित हुई। खिलाड़ियों में समीर अहमद, सूरज सरोज, दीपक सरोज, आशुतोष पाल, अजय सरोज, अर्जुन सरोज, विपिन मिश्रा, रितेश सरोज, शुभम सरोज, अमित सरोज, किशन सरोज शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, पूर्व प्रत्याशी योगेंद्र नाथ मिश्र मौला, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, अभय प्रताप सिंह पप्पन, आशुतोष जायसवाल डिंपू, महेश सिंह फौजी, उदय शंकर पांडेय, संजीव शुक्ल, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, गोलू शुक्ला, सुरेश तिवारी, अजय साहू, सौरभ पांडेय, राजू सोनकर, जगतपाल यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अर्चना को मिली पीएचडी उपाधि, खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेधावी को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रभावी शोध प्रस्तुत करने के लिए पीएचडी की उपाधि मिलने से नगर के लोगों में खुशी देखी गयी। नगर के नेताजी पुरम् निवासी पूर्व आरक्षी एवं हरिहर मंदिरम् प्रबन्ध समिति के संरक्षक रामचन्द्र शुक्ल की पुत्र वधू अर्चना शुक्ला को भारतीय महिलाओं में सामाजिक राजनैतिक चेतना शोध विषय पर विद्या वारिधि सम्मान मिला है। अर्चना ने अपने शोध में प्रतापगढ़ जिले के लालगंज तहसील की महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित अध्ययन को लेकर शोध पत्र प्रस्तुत किया है। शोध पत्र को लेकर डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति ने अर्चना को पीएचडी उपाधि का प्रमाण पत्र निर्गत किया है। डॉ0 अर्चना की सफलता पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, आचार्य देवानन्द मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, प्रीतेन्द्र ओझा, संजीव द्विवेदी आदि ने खुशी जतायी है।

# संचारी रोगों से बचाव के लिये नगर पालिका के अधिकारियों ने बनाई रणनीति

## एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक आहूत की गई। इस बैठक में यूनिसेफ और वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन डॉक्टर सिंह और सीमा ने मच्छरों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए जिससे साफ सफाई बेहतर बने और पानी को कहीं भी इकट्ठा न होने दिया जाय। सफाई एवम खाद निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि प्राकृतिक तरीके से हम सभी को संचारी रोग से बचने के उपाय करना चाहिए जैसे कि पानी को एक जगह इकट्ठा न होने दिया जाय, अगर पानी कही इकट्ठा भी हो रहा



संचारी रोग अभियान की बैठक में मौजूद ईओ राम अचल कुरील व अन्य।

तो उसमें तेल डाल कर मच्छरों को पनपने से रोका जा सकता है। साथ ही फूल कमीच का कपड़ा और सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग भी करने से मच्छरों से काफी हद तक बचा जा सकता है। इस मीटिंग में स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेश बिन्द और नगर पालिका के सभी सफाई नायक उपस्थित रहे।



गोपाल मंदिर पर बैठक कर रामलीला समिति के पदाधिकारी।

## श्री रामलीला समिति द्वारा निकाली जाएगी रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा

### गोपाल मंदिर में बैठक कर बनी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति की बैठक रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय खंडेलवाल की अध्यक्षता में गोपाल मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी के दिन गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा गोपाल मंदिर से होकर चैक होते हुए बाबागंज, रेलवे स्टेशन से वापस चैक के रास्ते चिलबिला हनुमान मंदिर तक जाएगी। वहां से वापस मां बेल्हा देवी धाम पहुंचेगी।

समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि रामनवमी के दिन रामलीला समिति द्वारा शाम 4 बजे गोपाल मंदिर से भगवान राम के जन्मोत्सव की झांकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो चैक, स्टेशन होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर तक जाएगी। वहां से वापस माँ बेल्हा देवी तक आएगी। समिति के संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने कहा कि सभी राम भक्त शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान प्रभु राम का जन्म धूमधाम से मनाएं। शोभा यात्रा को भव्य रूप देने में सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं। समिति के मंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि नगर वासियों ने जगह-जगह आरती और जलपान की व्यवस्था भी की जा रही है। सभी राम भक्त उत्साहित हैं। संचालन मंत्री विपिन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संरक्षक श्याम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, मंत्री विपिन गुप्ता, राजू शर्मा, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, धर्मेंद्र चैरसिया, विनय केसरवानी, पवन कुमार, सूरज उमरवैश्य, बबलू कसौधन, संजय जैन, दीपक जयसवाल, अंशु, विवेक, राहुल सोनी, अभिषेक कश्यप, पवन कुमार, नितिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय समूह सखी का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

## समूह की महिलाओ ने लिया भाग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकाकर के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ में चार दिवसीय समूह की सखियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमे समूह में सखी माड्यूल 1 एवं 2 का प्रशिक्षण का समापन हुआ।

प्रशिक्षण का उद्घाटन संस्थान के आचार्य अनूप कुमार की अगुवाई में सत्रप्रभारी शैलेंद्र सिंह वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं सहायक प्रभारी चंद्रभान सिंह अनुदेशक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में जनपद कौशांबी



समूह सखी प्रशिक्षण के दौरान मौजूद सखी व प्रशिक्षकगण।

से समूह सखी मॉड्यूल एक में कुल 32 महिला प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं मॉड्यूल दो में कुल 28 महिला प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण किया। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जनपद फतेहपुर से कामिनी, प्रिया द्विवेदी, डी आरपी एवं राम किशोर गुप्ता डीआरपी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संस्थान द्वारा प्रशिक्षण के बैक पेन पैड आदि वितरित किए गए। साथ ही साथ निर्धारित मीनू के अनुसार प्रतिभागियों को जलपान एवं भोजन की आपूर्ति की गई प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समापन के समय समस्त प्रतिभागियों को यात्रा भत्ता का भुगतान एवं प्रमाण पत्र सहित सामूहिक फोटोग्राफ भी वितरित किए गए। प्रशिक्षण प्राप्त कर सभी प्रतिभागी प्रेरित एवं उत्साह से भरे हुए थे। प्रतिभागियों से वार्ता करने पर सभी ने प्रशिक्षण के प्रति सकारात्मक रुझान व्यक्त किया और ऐसे प्रशिक्षणओं को महिलाओं एवं समाज के प्रति गरीबी उन्मूलन की दिशा में एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति मील का पत्थर बताया।

## अशोक चक्र श्रृंखला के पुरस्कारों हेतु सिफारिशें 30 अप्रैल तक भेजें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट त्रिभुवन विश्वकर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि सामान्य प्रशासन अनुभाग उ0प्र0 शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर घोषित किये जाने वाले अशोक चक्र श्रृंखला के अन्तर्गत देय पुरस्कारों यथा अशोक चक्र, कीर्ति चक्र एवं शौर्य चक्र की सिफारिश हेतु सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारियां को नामित किया गया है। इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर 30 अप्रैल 2023 तक नियत प्रारूप पर प्रस्ताव भेजवायें। अशोक चक्र श्रृंखला के शौर्य पुरस्कार देश के सर्वोच्च शौर्य पुरस्कारों में से है। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते है अर्थात अशोक चक्र (यह अत्यधिक वीरतापूर्ण कार्य या साहसिक कार्य या उत्कृष्ट कार्य या आत्म बलिदान के कार्य के लिये प्रदान किया जाता है), कीर्ति चक्र (यह अत्यधिक उत्कृष्ट शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है) और शौर्य चक्र (यह शौर्य के लिये प्रदान किया जाता है)। इन पुरस्कारों की घोषणा भारत सरकार द्वारा हर वर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर की जाती है। रक्षा कार्मिकों के अतिरिक्त समाज के सभी क्षेत्रों के आम महिला या पुरूष और पुलिस बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा रेलवे सुरक्षा बल के सदस्य भी इन पुरस्कारों की पात्रता के दायरे में आते है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर के उ0नि0 प्रभांशु कुमार राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 126/2023 धारा 307/399/402 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मो0 रिजवान उर्फ अब्दुल रज्जाक पुत्र जान मोहम्मद निवासी पूरेचरन आचार्य तेजगढ़ थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घ? से गिरफ्तार किया गया।

## गंगा किनारे वन विभाग ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का किया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के वन विभाग की टीम ने कालाकांकर में गंगातट किनारे मंगलवार को नमामि गंगे के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जो 31 मार्च तक चलेगा जिसमे शाम को गंगा आरती ,श्रमदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम गंगा संकल्प, घाट की साफ सफाई के साथ वाद विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे क्षेत्रीय वन अधिकारी कालाकांकर हनुमान प्रसाद पाण्डेय, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी अवध बिहारी, जगदीश प्रसाद, विजय कुमार, दिनेश कुमार पटेल, रवि कुमार जायसवाल, शंकर यादव, महेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## जिले की मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पर हुआ देवी जागरण व गायन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद की विभिन्न तहसीलों तथा विकास खण्ड स्तर पर प्रसिद्ध मंदिरों/षक्तिपीठों में छठें दिन श्री दुर्गन धाम सागीपुर, श्री अम्बिका धाम आमीशंकरपुर सांगीपुर, दुर्गेश्वरी धाम राहाटीकर सांगीपुर, अष्टभुजा धाम जेठवारा लक्ष्मणपुर, माँ काली मन्दिर फूलपुर लक्ष्मणपुर, भद्रकाली धाम बाबागंज, नायर देवी बाबागंज, श्री काली माँ धाम महियामऊ बिहार, माता माईधाम धाम परियांवा कालाकांकर, माँ कामाक्षी देवी धाम कमासिन बिहार, माँ चामुण्डा देवी बिहार, माँ ज्वाला देवी मानिकपुर, खुईलन धाम नेवाड़ी मानधाता, माँ शीतला धाम कटरामेंदनीगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, माँ चण्डिका धाम अन्तू, श्री चन्दीपुर धाम मंगरौरा, माँ बाराही धाम शिवगढ़, दुर्गा मन्दिर सर्वजीतपुर पट्टी एवं दुर्गा मन्दिर बहुता में दुर्गा सप्तषती का पाठ/देवी गायन/देवी जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विषेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मषुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारो ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को कराया गया योगाभ्यास



एनएसएस शिविर में बोलते साहित्यकार।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन प्रथम सत्र में कार्यक्रमाधिकारी प्रणव ओझा ने स्वयंसेवकों को जीवन में योग के महत्व को स्पष्ट करते हुए योगाभ्यास कराया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित भोजन करने व रासायनिक प्रदूषण मुक्त जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रतापगढ़ क्षेत्र से हिन्दी जगत के सुप्रसिद्ध कवि व साहित्यकारों ने अपने अवधी लोक गीतों से स्वयंसेवकों के मन मस्तिष्क में भारतीय संस्कृति का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया जिसमें सुनील प्रभाकर, डॉ नागेंद्र, अनीश देहाती, अनूप अनुपम तथा रविशंकर मिश्र प्रमुख रहे। इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने किया। कवि सम्मेलन का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया तथा डॉ नीरज त्रिपाठी ने अतिथियों को अभार ज्ञापित किया।

## एमडीपीजी कालेज में हुआ योगाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगे हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई के चैथे दिन के शिविर का शुभारंभ योगाभ्यास एवं लक्ष्य गीत से हुआ तत्पश्चात सरस्वती पूजन के उपरांत छात्रों के बौद्धिक सत्र का प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की इस कड़ी में विलास शुक्ल, विक्रम प्रताप सिंह अधिवक्ता प्रतापगढ़ ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें बहुत से ज्ञान प्रद बातें बताई आज की प्रस्तावित विषय पर चर्चा भी की इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल के संयोजक पंकज सिंह ने प्रस्तावित विषय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवा कल्याण के लिए शासन द्वारा किए गए प्रयासों पर बड़े ही विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने छात्रों के लिए चलाई जा रही कोचिंग अभ्युदय योजना के अंतर्गत निशुल्क कोचिंग व्यवस्था युवा अधिवक्ताओं के लिए पठन सामग्री के लिए धनराशि की व्यवस्था छात्रों के स्वास्थ्य एवं कैरियर के लिए जनपद में स्टेडियम व्यवस्था आदि की जानकारी दी दोपहर सत्र के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्राओं ने परिसर की साफ सफाई की उसके बाद शैक्षिक सत्र में पुनः प्रमुख पर्यावरणविद् श्री श्लोक मिश्र एवं युवा कल्याण मोर्चा के श्री योगेश तिवारी ने राज्य सरकार द्वारा छात्राओं एवं युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं नीतियों के बारे में उन्हें अवगत कराया और उसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया इसके पश्चात सत्र का समापन हुआ अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं डॉक्टर रेखा मिश्रा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए आज के कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## बकाया वेतन को लेकर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** बकाया वेतन को लेकर मंगलवार को स्वषासी राज्य चिकित्सालय के पुरुष व महिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया। आरोप है कि विगत एक वर्ष का वेतन बकाया है। वेतन को लेकर इसके पहले भी धरना दिया जा चुका है लेकिन अधिकारियों के आष्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। सफाई कर्मियों ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर अपनी मांगों को उजागर कर रहे हैं। हमारे सफाई कर्मी चिकित्सालय के किसी भी कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। प्रदर्षन करने वालों में मंजू देवी, राकेश कुमार, सद्दाम, संगीता, अनीता, ज्ञानमती, कमला, शमीम, अनीता आदि लोग मौजूद रहे।



एसपी को प्रशंसा चिन्ह से अलंकृत करते गृह सचिव।

## जिले के एसपी हुए पुरस्कृत, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गृह सचिव, उ0प्र0 संजय प्रसाद द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा चिन्ह से अलंकृत किया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई। पुलिस अधीक्षक के पुरस्कृत होने पर जिले के पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। बता दें कि अपराधियों पर जहां एसपी ने षिकंजा कसा है, वहीं ढीले और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की भी नकेल कसी है।

# अवैध देसी बम के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना रानीगंज से उ0नि0 अवनीश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बुढ़ौरा मौड के पास से थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 72/2023 379, 504, 506, 411 भादवि से संबंधित दो अभियुक्तों शोएब पुत्र नन्हे उर्फ इरशाद नि0ग्रा0 इमलीडाड थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ व अनवर पुत्र तहमूल निवासी ग्राम सराय जमुनी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को एक इंजन पमिंपग सेट व प्लास्टिक के झोले में 07 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त चोरी की पमिंपग सेट इंजन बरामदगी के संबंध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई तथा बरामद देसी बम के संबंध में मु0अ0सं0 73/23 व 74/23 अन्तर्गत धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम दोनो लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कई बार अलग-अलग गांवों से अलग-अलग सामान चोरी करते हैं। हम सभी ने मिलकर करीब दो महीना पहले लोहार तारा के एक खेत से रात्रि मे एक पमिंपग सेट इंजन फील्ड मार्शल 8एचपी चोरी करके यही पास के नाले के पुल के अन्दर बेचने के लिये छुपा के रखे है।

# सरोजनी कान्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के पूरे हरिकिशुन स्थित सरोजनी कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्रबंधक अजय श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्कूल के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा, देश की सीमा पर तैनात सैनिकों द्वारा देश की रक्षा में शहादत होना, एकांकी, भाव नृत्य, धार्मिक नृत्य आदि कार्यक्रमों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्हों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोह लिया।

स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्कूल के मेधावी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक ने स्कूल के सलोन ब्रान्च के प्रबंधक अशोक श्रीवास्तव व सूची ब्रान्च के प्रबंधक अंजनी कुमार श्रीवास्तव के साथ ऑल इण्डिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे सफल हुए स्कूल के बारह मेधावियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्रबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह समय प्रतिस्पर्धा का है। उन्होने बच्चों को समय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का आहवान किया। इसके साथ साथ प्रबंधक ने बच्चों की मानसिक एवं शारीरिक तथा बौद्धिक विकास पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की सहायक अध्यापिका सोनी जायसवाल व कक्षा दस के छात्र आयुष प्रताप सिंह एवं कक्षा बारह की छात्रा अंशिका सिंह ने किया। इस मौके पर नीरज वर्मा, राहुल वर्मा, आदित्य तिवारी, सौरभ सिंह, उत्कर्ष मौर्य, आयुष श्रीवास्तव, रिचा श्रीवास्तव, रिदा फातिमा, ओपी सिंह, पूजा यादव, रवि यादव, विशाल तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, शिखा सरोज, विनोद श्रीवास्तव, अंबुज तिवारी, राहुल विश्वकर्मा, जुल्फिकार, शालिनी सिंह, आफरीन, प्रिया वर्मा, शिवानी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# बच्चों का भविष्य ही आने वाले भारत का भविष्य : सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तरीय हमारा आंगन, हमारे बच्चेह्न के तहत आयोजित कार्यशाला का दीप प्रव्जलित कर किया शुभारम्भ, शिक्षक संदर्शिका-स्कूल रेडिनेस पुस्तक का किया गया विमोचन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने जनपद स्तरीय ह्नहमारा आंगन, हमारे बच्चेह्न उत्सव के तहत बुनियादी साक्षरता एवं पूर्ण अंकिय दक्षता प्राप्त करने के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के सम्बन्ध में सम्राट उदयन सभागार में आयोजित कार्यशाला का दीप प्रव्जलित कर शुभारम्भ तथा शिक्षक संदर्शिका-स्कूल रेडिनेस पुस्तक का विमोचन किया। सीडीओ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी शैक्षिक सत्र में जिस प्रकार से टास्क लेकर के अपने कार्यो को पूरी तरह से अन्जाम देना है, उसकी रूपरेखा के विषय में आज की कार्यशाला में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि हमें उन लोगों पर विशेष ध्यान देना होगा, जो कम पढे-लिखे तथा शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं है एवं उन्हें अहसास कराना है कि पढाई का क्या महत्व है,ऐसे लोगों को



पुस्तक का विमोचन करते मुख्य विकास अधिकारी

जागरूक कर उनके बच्चों को विद्यालय लाना है तथा बच्चों को ऐसा वातावरण/माहौल देना है, जिससे बच्चें विद्यालय आने के लिए आकर्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाय कि जो बच्चें 03 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है वे सभी आंगनवॉडी केन्द्र अवश्य आये। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य ही आने वाले भारत का भविष्य है। बच्चों के साथ अच्छा व्यहार करते हुए ऐसा महौल बनाना है जिससे विभिन्न गतिविधियों के आयोजन से बच्चों में सीखने की क्षमता विकसित हो सके। सीडीओ ने आंगनवॉडी कार्यकत्रियों एवं शिक्षक/ शिक्षिकाओं से अपेक्षा की कि आप लोग समाज के लिए कार्य कर रहे है, अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करते हुए उनका भविष्य उज्जवल बनायें। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल को उत्सव जैसा माहौल बनाया जाय तथा नव प्रवेशी बच्चों का


कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

स्वागत किया जाय। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रकाश सिंह ने निपुण भारत तथा स्कूल रेडिनेस के तहत किये जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया है कि स्कूल रेडिनेस में दिवसवार-मॉर्निंग सर्कल टाइम, स्वतंत्र खेल, भाषा और साक्षरता, कला, गणित/ ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच, बाहरी खेल एवं गुड बाय सर्कल गतिविधियों के अन्तर्गत शिक्षण कार्य करना है। उन्होंने सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं से जनपद कौशाम्बी को निपुण कौशाम्बी बनाने का आवाहन भी किया। शिक्षिका रिचा शर्मा एवं शिक्षक कौशल कुमार ने निपुण भारत पर गीत प्रस्तुत कर शिक्षा का महत्व बताया सभी का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सुरेश कुमार गुप्ता, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सभी सीडीपीओ सहित आंगनवॉडी कार्यकत्री/ शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रहें।

# राज्य सरकार द्वारा एन एन मिश्रा को सम्मानित किए जाने पर अधिवक्ताओं ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद न्यायालय बार एसोसिएशन और तहसील बार एसोसिएशन के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक भूमि विकास बैंक में 48 वर्षों से लगातार अध्यक्ष चुने जाते रहे नर नारायण मिश्रा के इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक सहकारिता मंत्री प्रबंध निदेशक ने बीते दिनों लखनऊ के कार्यक्रम में नर नारायण मिश्रा एडवोकेट को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया था नर नारायण मिश्रा को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित किए जाने की जानकारी मिलते ही जिले के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और मंगलवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में अधिवक्ताओं ने सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी इस मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने नर नारायण मिश्रा



द्वारा बैंक के प्रति किए गए कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की साथ ही साथ नर नारायण मिश्रा एडवोकेट को सम्मानित किए जाने पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहकारिता मंत्री प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक भूमि विकास बैंक लखनऊ के प्रति आभार व्यक्त किया है बैठक का आयोजन सिराथू तहसील अधिवक्ता संघ तहसील एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन सिराथू के अध्यक्ष बालेंद्र धर द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष मनु देव त्रिपाठी ज्ञानेंद्र शुक्ला इंद्र नारायण पांडेय पूर्व मंत्री तुषार तिवारी दिलीप कुमार पांडेय नरेंद्र त्रिपाठी सत्य नारायण यादव अभिमन्यु एडवोकेट वेद प्रकाश मिश्रा शिवेन्द्र द्विवेदी सूर्यकांत त्रिपाठी हामिद एडवोकेट सोमेश्वर तिवारी राम सागर त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष बसंत सिंह एडवोकेट महामंत्री सफीक अहमद बद्री त्रिपाठी सतानंद मिश्रा करन सिंह यादव सहित तमाम अधिवक्ता सम्मान समारोह कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# 16 वर्षों बाद दलित की हत्या करने वाले को अदालत ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

दोषी पर अदालत ने लगाया 26 हजार रुपए का आर्थिक अर्थ दंड



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में 16 वर्षों पूर्व दिनदहाड़े बम गोली मारकर दलित की हत्या कर दी गई थी हत्या का मुकदमा का फैसला 16 वर्षों बाद आया है मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए 26 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। थाना पिपरी अंतर्गत 19 जनवरी 2007 को वादी श्रीनाथ पासी पुत्र रिवई दास निवासी जाती थाना व जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा वादी के चाचा शिवदास को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये बम व गोली से मारकर हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त बिल्लू सिंह उर्फ धर्म सिंह पुत्र केशरी सिंह निवासी जाठी थाना व जनपद कौशाम्बी को न्यायालय स्पे० जज एससी/एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी परखी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा 26 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित कर विधिक कार्यवाही की गई।

## दलित की हत्या के आरोपियों को 19 वर्ष बाद सुनाई गई 7 वर्ष की सजा



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 19 वर्षों पूर्व दलित की लाठी डंडे से पीट कर मौत के घाट उतार दिया गया था मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों और वादी के बयान परिस्थिति जन्य साक्ष्य और विवेचक के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी पाते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। थाना कोखराज अंतर्गत 03.10.2003 को वादी बहोरे लाल पुत्र दुखीलाल पासी निवासी हिसामपुर थाना करारी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा वादी के भाई जगदीश को लाठी डण्डों से मार पीटकर घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त फूलचन्द्र पासी पुत्र मोतीलाल पासी निवासी ग्राम नौडिया थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 07 वर्ष कारावास तथा 10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# भदवाँ गाँव की महिला लेखपाल की किसानों ने की सराहना

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के भदवॉ गाँव में महिला लेखपाल साधना सिंह गाँव के लोगों में चर्चा का विषय बनीं है ग्रामीणो का कहना हैं कि जब से उक्त महिला लेखपाल का गाँव में पदार्पण हुआ है तबसे गाँव में उनके द्वारा किये गये कार्यो की लोग प्रशंसा कर रहे हैं और वहीं कुछ लोग अपनी मन माफिक कार्य कराने के लिए उन पर दबाव बनाते हैं उनके मन माफिक कार्य न करने पर वह छुट भैया लोग दबे जुबान से लेखपाल की शिकायत कर गाँव से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए प्रयासरत है और झूठी कहानी गढ कर सक्षम अधिकारियो को गुमराह कर रहे हैं वहीं लेखपाल अपने बुद्धि विवेक से और हर कार्य को स्वयं मौके पर अपनी आँखो से देख कर कर रही है जो गाँव के कतिपय दलालों को रास नहीं आ रहा है और वह वहाँ से लेखपाल के तबादले की हवा बनाने में मशगूल है गाँव में घरौदी बनाने में महिला लेखपाल ने स्वयं डोर टू डोर जाकर घरौदी बनाने का कार्य किया जिसमें कुछ लोग फर्जी घरौदी बनाने का दबाव बनाया लेकिन न्याय पसंद लेख पाल ने ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया जो कुछ लोगों की नाराजगी का सबब है कुछ अवैध सरकारी जमीनो में अवैध कब्जा करने के फिराक में है स्वाभाविक है कि वह तबका भी न्याय प्रिय महिला लेखपाल से नाराज है वही गाँव के सभ्रांत लोगों का कहना हैं कि महिला लेखपाल बहुत ही सूझ बूझ और अपने कर्तव्यों को शासनादेश के आधार पर कर रहीं है जो गाँव का सौभाग्य और खुशी का बिषय हैं और जनपद के सक्षम अधिकारियो को उनका हर संभव सहयोग करना चाहिए और भदवॉ गाँव में उनकी तैनाती गाँव के भलाई के लिए नितांत आवश्यक जरूरत और अनैतिक कार्य लेने वालों के मुँह पर योगी राज मे करारा तमाचा है कयोकि योगी जी का रुख अब गाँवो के अवैध कब्जा किये गयीं सरकारी जमीनो की ओर आकृष्ट है जिसे इसी तरह के तेज तर्रार राजस्व कर्मी ही संपन्न करा सकते हैं गाँव के कुछ लोगों ने नाम न छापने के साथ कहा कि जरूरत पडी तो ऐसे न्याय प्रिय महिला लेखपाल की भदवॉ गाँव में तैनाती कायम रखने के लिए जिले के सक्षम अधिकारी जिला अधिकारी व उप जिला अधिकारी सिराथू के यहाँ जाकर उक्त लेख पाल को भदवॉ गाँव में तैनाती की गुहार लगायेंगे।

## न्यूज झरोखा

### रमजान में 100 से अधिक जरूरत मंदों में बांटी राशन सामग्री

**शहर काजी हजरत मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी साहब का सराहनी कार्य**



**कौशाम्बी।** जनपद के वरिष्ठ मुफ़्ती एवं शहर काजी हजरत मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी साहब की हुक्म पर शैख ए मिल्लत मिशन टीम ने रमजानुल मुबारक के पवित्र महीना में 100 से ज्यादा गरीबों और जरुरत मंदों को फ्री राशन सामग्री बांटी है,इसके बारे में जानकारी देते हुए शहर काजी के पुत्र मौलाना मुहम्मद मियां कादरी साहब ने बताया की हदीस के मुताबिक गरीबों और जरुरत मंद लोगों की मदद करने में बहुत सवाब है हदीस में आया है की अपनी मुसीबत का इलाज सदका से करो और रमजान में इसका सवाब कई गुना बढ़ जाता है इस लिए हमारी तंजीम शैख ए मिल्लत मिशन टीम कौशाम्बी ने शहर काजी साहब की आज्ञा से इस काम को शुरू किया है और अबतक 100 से ज्यादा जरुरत मंदों तक ये सामग्री पहुंचाई जा चुकी है जिसमे अलग अलग प्रकार की सामग्री शामिल हैं जैसे बेसन,चीनी,तेल,नमक,खजूर,चना,टैंग,पापड़,सूत फेनी आदि समेत 10 सामग्री शामिल हैं तंजीम के सदर हाफिज राहत खान रजवी साहब ने कहा की इस नेक काम में हमारे सभी सदस्यों ने बहुत बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और हमारी बड़ी मदद की,इस मौके पर खास तौर से मौलाना गुलाम यजदानी,राशिद खान राशु,मुहम्मद आमिर,मुहम्मद नदीम,हाफिज शाहनवाज,हाफिज जहीर,मुहम्मद गुफरान,मुहम्मद उमर,मुहम्मद आरिफ रजवी,मुहम्मद शुएब उर्फ तौसीफ,मुहम्मद एहतशाम आदि मौजूद रहे।

### 5 दिन बीते विवाहिता के मौत के गुनाहगारों को पुलिस नहीं भेज सकी जेल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में 23 मार्च को विवाहिता रीता देवी की मौत के मामले में आरोपियों को पुलिस 5 दिन बाद भी जेल नहीं भेज सकी है जिस पर मृतक विवाहिता के परिजनों ने मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज से मिलकर पश्चिम सरीरा पुलिस की लापरवाही उजागर करते हुए विवाहिता के मौत के जिम्मेदारों को जेल भेजने की मांग की है मृतक विवाहिता के मायके के लोगों का कहना है कि पश्चिम शरीरा थाना पुलिस वादी का सहयोग करने के बजाय विवाहिता के मौत के जिम्मेदारों का सहयोग कर उनका बचाव करने में लगी दिखाई पड़ रही है पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय प्रयागराज पहुंचे विवाहिता के मायके के लोगों ने आशंका जाहिर की है कि पश्चिम शरीरा पुलिस की कार्यप्रणाली से आरोपियों को दंड नहीं मिलेगा पुलिस उपमहानिरीक्षक से मिलकर विवाहिता के मायके के लोगों ने थाना पुलिस की कार्यशैली पर गम्भीर सवाल उठाया है थाना पुलिस का आलम यह है कि विवाहिता के मायके के लोग 5 दिन से लगातार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए थाना से लेकर सीओ कार्यालय तक का चक्कर काट रहे हैं लेकिन मृतक के मायके के लोगों को 5 दिन बाद भी स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं उपलब्ध हो सकी है एक पोस्टमार्टम रिपोर्ट विवाहिता के मायके के लोगों को सीओ कार्यालय से दी गई थी लेकिन फोटोस्टेट कराते वक्त यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट इतनी खराब हो गई है कि पढ़ पाना मुश्किल है सीओ कार्यालय द्वारा दी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट किसी काम की नहीं दिखाई पड़ रही है दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए परिजन परेशान हैं सूत्रों की माने तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता के साथ गंभीर मारपीट के निशान हैं और विवाहिता की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास उसके ससुराली जनों ने किया है थाना पुलिस की लचर व्यवस्था पर आला अधिकारी को जांच कराते हुए दोषियों से संलिप्तता बनाने वाले पुलिसकर्मियों को दंडित करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग विवाहिता के मायके के लोगों ने की है

### इंस्पेक्टर कोखराज रमेश कुमार पटेल को एडीजी ने किया निलंबित

**कौशाम्बी।** पुलिस विभाग में हमेशा चर्चा में रहने वाले इंस्पेक्टर रमेश कुमार पटेल को फिर पुलिस अधिकारियों ने निलंबित कर दिया है और इनके कारनामों की जांच शुरू करा दी है इसके पहले भी पूरा मुफ्ती थाने में तैनाती के दौरान इंस्पेक्टर रमेश कुमार पटेल पर तमाम गंभीर आरोप लगे थे जिन पर पूरा मुफ्ती थाने से इन्हें हटाया गया था कुछ दिन बाद रमेश पटेल को कोखराज थाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई अपनी आदत से मजबूर रमेश पटेल ने शासन की मंशा के अनुरूप काम करना उचित नहीं समझा मामले की शिकायत आला अधिकारियों से हुई चचाओं पर जाएं तो अतीक अहमद गैंग से भी इनके मधुर संबंध थे एडीजी जोन प्रयागराज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर रमेश कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है।

### चक्की कारखाना में बंधी 12 बकरी खोल ले गए चोर

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के बराई बन्धवा गांव में जमशेद अहमद पुत्र आले हसन के आटा चक्की कारखाना में 12 बकरियां बंधी थी वह आटा चक्की कारखाना में ताला बंद करके दूसरे घर में सोने चले गए जब सुबह आटा चक्की पहुंचे तो देखा कि आटा चक्की कारखाना में बंधी 12 बकरियां गायब थी गायब बकरियों की कीमत एक लाख रुपए बताई जाती है बकरियां गायब होने से जमशेद अहमद के होश उड़ गए हैं उन्होंने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी को दिया है खबर लिखे जाने तक गायब बकरियों का सुराग नहीं लग सका है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 103 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहनों से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।



## खेत में लगी आग फसल जलकर नष्ट

**करारी।** कौशांबी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के करारी थाना अंतर्गत मालीपुर महाराजगंज गांव में किसान राज कुमार यादव पुत्र रमपत यादव के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में मंगलवार को दिन में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है जिससे किसान की दश बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है तमाम प्रयास के बाद किसानों ने खेत के फसल पर लगी आग को बुझाया है तब तक किसान के खेत की फसल जलकर राख हो गई थी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ-साथ तहसील प्रशासन को किसान परिवार ने दिया है बताया जाता है कि इस अग्निकांड में 20000 से अधिक का नुकसान किसान को हुआ है।

## जुआँ खेल रहे छोटे छोटे सात जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा सात अभियुक्तों गनेश साहू पुत्र शीतला प्रसाद निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम विश्वनाथ पुत्र बृजमोहन निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम महादेव पुत्र मिठाईलाल निवासी हम्बूनगर थाना कड़ाधाम अशोक पुत्र लखनलाल निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम दिनेश पाल पुत्र नन्हू पाल निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम शरीफ पुत्र सुभरासी निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम. राहुल पुत्र स्व0 यशवन्त निवासी हब्बूनगर थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 470 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 250 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।

**निरोधात्मक कार्यवाही मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशाम्बी जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना सराय अकिल से चार थाना संदीपनघाट से एक कुल 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चाला न्यायालय किया गया।

# करारी कस्बा व आसपास क्षेत्र में निकाली गयी भव्य श्री राम की शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशाम्बी।** प्रभु श्री राम के जन्मदिन राम नवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को करारी कस्बा और उसके आसपास के क्षेत्र में प्रभु श्रीराम के भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज रहा था शोभा यात्रा के दौरान क्षेत्र के हजारो के तादाद मे लोग मौजूद रहे। मंगलवार की दोपहर हजारों लोगों की भीड़ के बीच प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते हुए डीजे बाजे के मधुर संगीतमई भक्ति गीत के साथ नगर पंचायत करारी और उसके आसपास के क्षेत्रों में हजारों लोगों की उपस्थिति में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी गुवारा चौराहा से राम अभिलाष मौर्य के अगुवाई में श्री राम शोभा यात्रा आरम्भ होकर करारी रामलीला मैदान पहुँची करारी के राम लीला मैदन से शोभा यात्रा प्रारम्भ रोकर सोनारन ट्रोला


श्रीराम भक्तों द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा व शामिल लोग

से होते हुए अशोक नगर सब्जी बाजार से होते हुए करारी चौराहा से मंझनपुर रोड से भरवारी रोड होते हुए करारी इन्टर कालेज काली माता की मन्दिर होते हुए रामलीला मैदान पहुँची। शोभायात्रा में शामिल भक्तों का नगर वासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया श्री राम शोभा यात्रा का -जोर दार स्वागत हुआ जिसमे करारी पुलिस प्रशासन जगह जगह सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही करारी शोभा यात्रा की अगुवाई संगठन मंत्री विकास ने की नगर और उसके आसपास निकाली गई श्री राम शोभा यात्रा के दौरान भाजपा नेता संजय , संजय जयसवाल श्यामसुंदर केसरवानी पूरनमल केसरवानी पंडित रामेश चन्द्र शर्मा, डॉ सुरेशनगर चौधरी पुष्कर जयसवाल पिंटू जायसवाल पिंटू अग्रहरी मंडल अध्यक्ष दिलीप अग्रहरी, जानू मौर्य सहित हजारों लोग मौजूद रहे।


केपीएस कॉलेज में कार्यक्रम का दृश्य


केपीएस कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे और शिक्षक

## शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान मे विभिन्न थानों द्वारा कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 32 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बबली निषाद पुत्र स्व0 बिलाल निषाद निवासी घोघपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब व उमाशंकर पुत्र बबली निषाद निवासी घोघपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र मूलचन्द्र निवासी चक खुदागंज थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# केपीएस भीटी में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव 2023 कलरव

## बच्चों ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित अभिभावकों का मन मोहा अभिभावक हुए मंत्रमुग्ध

**कौशाम्बी।** भीटी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 27 मार्च को वार्षिकोत्सव 2023 का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भीटी के सभी अभिभावक और रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई केपीएस भीटी के छात्र एवं छात्राओं ने वार्षिकोत्सव के इस मुख्य बेला पर सांस्कृतिक संध्या कलरव का आयोजन किया और अपने प्रदर्शन के बलबूते उपस्थित समस्त जनता जनार्दन को मंत्रमुग्ध कर दिया बच्चों के प्रदर्शन से उनके माता पिता जो अपने बच्चों की कार्यक्रम को देख रहे थे उनकी आंखों में आंसू थे और एक गर्व की अनुभूति का एहसास भी उनको हो रहा था बच्चों ने सरस्वती वंदना गणेश वंदना का मंचन करके जहां भारतीय संस्कृति की परंपरा को जीवंत किया वही बम बम बोले, राधा रुकमणी एक्ट, रामायण एक्ट, का मंचन करके भक्ति की रस धारा का प्रवाह का संचार केपीएस भीटी के प्रांगण में करवा दिया वही मोबाइल थीम एक्ट के माध्यम से समाज में मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग को दशार्ने का भी कार्य किया वही रंग मंच के माध्यम से केपीएस भीटी के नन्हे नन्हे बच्चों ने लूंगी डांस फैशन शो आदि का मंचन करके मॉडर्न सोसायटी का नजारा भी पेश करने का प्रयास किया वही फनी डांस करके उपस्थित जनता को हंसा हंसा करके सबका मन मोह लिया और अपने अद्भुत प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से देश भक्ति एक्ट करके देश के प्रति प्रेम को दशार्ने का भी कार्य किया। संस्थान के चेयरमैन पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा एक सशक्त माध्यम होता है समाज को गति प्रदान करने के लिए शिक्षा के माध्यम से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव होता है हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है कभी भी किसी को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता और मैंने हमेशा प्रयास किया है कि बच्चों को उच्च शिक्षा के मापदंडों पर शिक्षा प्रदान करते हुए समाज के विकास में एक रीड की हड्डी हमारे छात्र एवं छात्राएं बने ऐसा मेरा प्रयास है और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने भी बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा किया और कहा कि शिक्षा ही वह सेतु है जिसके माध्यम से परिवार समाज देश का विकास संभव है कार्यक्रम का संचालन क्लास 12इँ की अंजलिना महक ,दीपा, नीलू तथा रीता ने बहुत ही सुंदर तरीके से किया वार्षिकोत्सव के इस अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा केपीएस भीटी के प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी उप प्रधानाचार्य प्रकाश किड्जी प्रधानाचार्य शिवांगी केसरवानी एवं संस्थान के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# आम बजट 2023 संसद में पारित, प्रक्रिया पूरी हुई

भारत में बजट सत्र 2023 का प्रथम चरण 31 जनवरी 2023 को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में माननीय माननीया राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था, इसके बाद 1 फरवरी 2023 को माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया था। इस प्रथम चरण में उद्योगपति पर एक रिसर्च रिपोर्ट पर जोरदार हंगामा हुआ और चरण बाधित होता रहा फिर 13 मार्च 2023 तक स्थगित कर दिया गया था। अब दूसरा चरण शुरू है जो 6 अप्रैल 2023 तक चलने की संभावना है जिसमें आज 27 फरवरी 2023 को एक महत्वपूर्ण कामकाज देखने को मिला कि आम बजट 2023 को पारित कर प्रक्रिया पूर्ण की गई जो जनहित में एक विकासोन्मुख कार्य है। परंतु उपरी सदन के सभापति महोदय ने कहा कि वित्त विधेयक पर चर्चा के लिए निर्धारित 10 घंटों का सदस्यों ने उपयोग नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चूंकि आज आम बजट 2023 संसद द्वारा पारित कर प्रक्रिया पूर्ण हुई इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी तथा टीवी चैनलों पर चर्चा के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से इसपर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम संसद में बजट 2023 के पारित होने की करें तो, संसद में वित्त वर्ष 2023-24 के बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई है। राज्यसभा में हंगामे के बीच वित्त विधेयक 2023 को बिना चर्चा के संशोधन के साथ वापिस कर दिया गया। पिछले सप्?ताह लोकसभा ने विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच वित्त विधेयक को मंजूरी दे दी थी।राज्यसभा में 27 मार्च 2023 को जब दोपहर बाद 2 बजे पहले स्थगन के बाद सदन की बैठक शुरू हुई तो वित्तमंत्री ने विधेयक पेश किया। उद्योगपति समूह के मामले में संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग को लेकर मुख्य विपक्षी दल और दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी के सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गए थे, और अन्य दलों के सदस्?य शोरशराबा करते रहे। जब लोकसभा शाम 4 बजे पहले स्थगन के बाद जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सदन ने ध्वनि मत से वित्त विधेयक 2023 में संशोधन को स्वीकार कर लिया। राज्यसभा ने विनियोग विधेयक 2023 और जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक बिना चर्चा के ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। इसके बाद सभापति की अनुमति से वित्त मंत्री से वित्त विधेयक 2023 को सदन में पेश किया। इस दौरान सदन में विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी था। हंगामे के बीच ही वित्त विधेयक 2023 को बिना चर्चा के, ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया गया। वित्त विधेयक को लोकसभा को लौटाए जाने के साथ ही सदन में वित्त वर्ष 2023-24 के बजट की प्रक्रिया पूरी हो गयी। बिल में कुल 64 आधिकारिक संशोधनों के प्रस्ताव पेश किए गए, जिसमें एक प्रस्ताव शामिल था जो विशिष्ट श्रेणियों के ऋण म्यूचुअल फंड के लिए लंबी अवधि के कर लाभों को समाप्त करने का लक्ष्य रखता है और दूसरा प्रस्ताव जीएसटी एपीलेट ट्रिब्यूनल की स्थापना का आह्वान करता है।वित्त विधेयक 2023 कई संशोधनों को शामिल करता है, जैसे घरेलू इक्विटी में 35 फीसदी से कम एयूएम वाले म्यूचुअल फंडों के लिए लघुकालिक पूंजी लाभ के रूप में कर लगाना और जीआईएफटी शहर में संचालित ऑफशोर बैंकिंग इकाइयों को उन्हें सुविधा प्रदान करने के लिए बढ़ी हुई कर छूट प्राप्त करना, जो अपनी आय के लिए 10 साल तक 100 फीसदी कटौती प्राप्त करेंगी।इसके अलावा, विदेशी कंपनियों द्वारा कमाई गई रॉयल्टी या तकनीकी शुल्क पर कर 10 फीसदी से 20 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है।अन्य संशोधन में पेंशन प्रणाली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक समिति का गठन करना और 7 लाख रुपये से अधिक आय के लिए कर भुगतान सीमा लगाकर मार्जिनल रिलीफ प्रस्ताव करना शामिल है।वित्त विधेयक 2023 में यह भी प्रस्ताव है कि विदेशी दौरों के लिए क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किए गए सभी लिबरलाइज्ड रिमिटेंस स्कीम (एलआरएस) भुगतान एलआरएस के तहत देखा जाए और टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) के अधीन हों। इसके अलावा, विकल्पों की बिक्री पर प्रतिभूति के रूप में सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स को फर. 1 करोड़ के टर्नओवर पर रुपए 1,700 से बढ़ाकर रुपए 2,100 कर दिया गया है। सभापति ने वित्त विधेयक पर सदन में चर्चा के लिए निर्धारित 10 घंटे का सदस्यों द्वारा उपयोग नहीं करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। लोकसभा में एक फरवरी को वित्त मंत्री द्वारा आम बजट 2023-24 पेश किए जाने के साथ ही बजट प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। निचले सदन में यह विधेयक 24 मार्च को पारित हुआ था।

साथियों बात अगर हम वित्त विधेयक को जाननेकी करें तोएक बिल जिसमें कर और व्यय से संबंधित कुछ प्रावधान होते हैं, और अतिरिक्त विषयों से संबंधित प्रावधान भी होते हैं, उसे वित्तीय बिल कहा जाता है। एक बिल जिसमें कर और व्यय से संबंधित कुछ प्रावधान होते हैं, और अतिरिक्त विषयों से संबंधित प्रावधान भी होते हैं, उसे वित्तीय बिल कहा जाता है।

लोक सभा के विधि विधान के नियम 219 के अनुसार, वित्त विधेयक वह विधेयक होता है जो हर साल सरकार द्वारा आगामी वित्त वर्ष के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाने के लिए सामान्यतः पेश किया जाता है और किसी अन्य अवधि के लिए सहायक वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाने के लिए पेश किए जाने वाले विधेयक को शामिल करता है। यह यूनियन बजट का एक हिस्सा होता है, जो वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तावित कर दी गई कर बदलावों के लिए आवश्यक सभी कानूनी संशोधनों को निर्धारित करता है। फाइनेंस बिल के विभिन्न प्रकार होते हैं- उनमें से सबसे महत्वपूर्ण होता है मनी बिल। मनी बिल को लेख 110 में ठोस रूप से परिभाषित किया गया है। लोकसभा के अध्यक्ष को यह निर्णय लेने की अधिकार होता है कि बिल क्या एक मनी बिल है या नहीं। इसके अलावा, अध्यक्ष का निर्णय अंतिम माना जाता है। वित्त विधेयक, एक मनी बिल के रूप में, संसद के निचले सदन यानि लोकसभा द्वारा पास किया जाना चाहिए। लोकसभा की मंजूरी के बाद, वित्त विधेयक वित्त अधिनियम बन जाता है।

# श्रीराम हैं अनंत, रामकथा अनंता

**ललित गर्ग-**

सचमुच श्रीराम न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के प्रेरक है, पालनहार है। भारत के जन-जन के लिये वे एक संबल हैं, एक समाधान हैं, एक आश्वासन हैं निष्कंटक जीवन का, अंधेरों में उजालों का। भारत की संस्कृति एवं विशाल आबादी के साथ दर्जनभर देशों के लोगों में यह नाम चेतन-अचेतन अवस्था में समाया हुआ है, इस लोक की थाती श्रीराम हैं और व्याप्ति भी श्रीराम। श्रीराम अनंत हैं तो रामकथा भी अनंता हैं, श्रीराम केवल भारतवासियों या केवल हिन्दुओं के मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि बहुत से देशों, जातियों के भी मयार्दा पुरुष हैं जो भारतीय नहीं। रामायण में जो मानवीय मूल्य दृष्टि सामने आई, वह देशकाल की सीमाओं से ऊपर उठ गई। वह उन तत्वों को प्रतिष्ठित करती है, जिन्हें वह केवल पढ़े-लिखे लोगों की चीज न रहकर लोक मानस का अंग बन गई। हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनःर्स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीरामचन्द्रजी का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, राजा दशरथ के घर में हुआ था। रामनवमी का त्यौहार इस वर्ष 30 मार्च 2023 को मनाया जायेगा। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है।

श्रीराम भारत की संस्कृति में, जीवनशैली में, भक्ति में, आस्था में रचे बसे हैं, साहित्य, कला, संगीत, शिल्प सब श्रीराम के बीना अधूरे हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति में, शिल्प में, मंदिरों और गुफाओं में भी दिखायी देते हैं, हंपी हो या एलोरा, सब जगह रामकथा अभिव्यक्त है। चित्रकला की बात करें, तो राजस्थानी बूंदी, कोटा, मिथिला, मंजूषा और मराठी चित्रकला में राम-सीता सबसे अधिक उकेरे जाते हैं। मुगल या मध्यकाल में विकसित दक्कन, राजपुर और पहाड़ी शैलियों में बने भित्ति एवं तैलचित्रों में भी रामकथा प्रसंग है। कांगड़ा, कुल्लू, बसोली, माडू, बुंदेली हर संस्कृति में श्रीराम जीवन एवं उनके जीवन-कथानकों की छाप है। श्रीराम मुद्रा का प्रचलन भी कई शासन काल में रहा है। यहीं नहीं, महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन ह्यरघुपति राघव राजा रामह्ल में भी राम धुन ही रची



गयी है। कहने का तात्पर्य यह कि जब जीवन के घट-घट में श्रीराम का वास है, तो हमारे सामाजिक जीवन और चरित्र से श्रीराम अलग कैसे हो सकते हैं? हमें उसमें भी ह्यश्रीरामह्ल को साकार करके रामराज्य के विस्तार की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अवश्य सोचना चाहिए, इसी दिशा में श्रीराम मन्दिर की महत्वपूर्ण भूमिका बनने जा रही है।

इस वर्ष श्रीरामनवमी का महत्व इसलिये ज्यादा महत्वपूर्ण है कि श्रीराम मन्दिर वर्षों के इंतजार के बाद तय सीमा से पहले बनकर तैयार हो जायेगा और प्रभु श्रीराम अपने भव्य दरबार में विराजमान होंगे। 2024 मकरसंक्रांति तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। श्रीराम सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इस दृष्टि से श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा। आज असंख्य जनमानस की व्यापक आस्थाओं के कण-कण में विद्यमान श्रीराम के मन्दिर बनकर तैयार होना, एक अनूठी एवं प्रेरक घटना है, एक कालजयी आस्था के प्रकटीकरण का अवसर है, जो भारत के लिये शक्ति, स्वाभिमान, गुरुता एवं प्रेरणा का माध्यम बनेगी। इससे हिन्दू राष्ट्र के निस्तेज होते सूर्य को पुनः तेजस्विता एवं गुरुता प्राप्त होगी।

मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम मन्दिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में हुआ था जो नये भारत के अभ्युदय की शुभ एवं गौरवमय ऐतिहासिक घटना बनी, जो युग-युगों तक इस देश को सशक्त बनाने का माध्यम बनती रहेगी। श्रीराम मन्दिर निर्माण की भूमिका तक पहुंचने के लिये असंख्य लोगों की आस्था एवं भक्ति के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी का लम्बा संघर्ष रहा है, यह मन्दिर निर्माण उनके सुदीर्घ संघर्ष की जीत है। इस जीत के बाद भी अभी और भी बहुत तरह के संघर्ष बाकी है। असली मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा तभी होगी जब हिन्दू समाज कुरीतियों-कुरूढि?ों-विकृतियों मुक्त होगा, आडम्बर एवं प्रदर्शन मुक्त होकर समतामूलक समाज की स्थापना करेगा, श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन का ध्येय बनायेगा। भारत अपने आत्म-सम्मान एवं शक्ति को हासिल करते हुए सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक-आर्थिक स्तर पर विश्व गुरु की भूमिका का निर्वाह करेगा। हमें शांतिप्रिय होने के साथ-साथ शक्तिशाली बनकर उभरना होगा, ताकि फिर कोई आक्रांता हमें कुचले नहीं, हम पर शासन करने का दुस्साहस न कर सकें।

> **इस वर्ष श्रीरामनवमी का महत्व इसलिये ज्यादा महत्वपूर्ण है कि श्रीराम मन्दिर वर्षों के इंतजार के बाद तय सीमा से पहले बनकर तैयार हो जायेगा और प्रभु श्रीराम अपने भव्य दरबार में विराजमान होंगे। 2024 मकरसंक्रांति तक भगवान रामलला की मंदिर के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। श्रीराम सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इस दृष्टि से श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा।**

यह भारत जिसे आर्यावर्त भी कहा गया है, उसके ज्ञात इतिहास के श्रीराम प्रथम पुरुष एवं राष्ट्रपुरुष हैं, जिन्होंने सम्पूर्ण राष्ट्र को उत्तर से दक्षिण, पश्चिम से पूर्व तक जोड़ा था। दीन-दुखियों और सदाचारियों की दुराचारियों एवं राक्षसों से रक्षा की थी। सबल आपराधिक एवं अन्यायी ताकतों का दमन किया। सर्वोच्च लोकनायक के रूप में उन्होंने जन-जन की आवाज को सुना और राजतंत्र एवं लोकतंत्र में जन-गण की आवाज को सर्वोच्चता प्रदान की। श्रीराम सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरक है, इस दृष्टि से श्रीराम मन्दिर लोकतंत्र का भी पवित्र तीर्थ होगा। आज हम श्रीराम और श्रीराम कथा को लेकर भाषा, जाति और अमीर-गरीब के बीच विभाजित हो जाते हैं, जबकि श्रीराम और श्रीराम कथा में प्रजातांत्रिक दर्शन भी है, जिस पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

वनवास यात्रा में केवट को अपना बनाना, शबरी के जूठे बेर खाना क्या लोकतांत्रिक जीवन दर्शन का उदाहरण नहीं है? सीता की खोज में हनुमान, सुग्रीव, नल-नील, जटायु से सहयोग लेना, प्रजातंत्र में जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेकर शासन-व्यवस्था चलाने का दर्शन नहीं है? आज आवश्यकता है श्रीराम और श्रीराम कथा के आलोचना से भी प्रजातांत्रिक गतिशीलता की तलाश की जाये और देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को गतिशील बनाया जाये। प्रजातंत्र या लोकतंत्र भी जनप्रतिनिधियों के सामने वैज्ञानिक आचार संहिता का विचार रखता है। फिर श्रीराम चरित्र या श्रीराम कथा को नैतिकता के आचार संहिता में पुनर्पाठ या पुनर्परिभाषित क्यों नहीं की जा सकती है? आवश्यकता त्याग के नियंत्रित भोग से राजनीतिक संस्कृति विकसित करने की है न कि श्रीराम के नाम पर घटिया राजनीति करते हुए उनके चरित्र को धुंधलाने की। भगवान श्रीराम अविनाशी परमात्मा हैं जो सबके सृजनहार व पालनहार हैं। दरअसल श्रीराम के लोकनायक चरित्र ने जाति, धर्म और संप्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया। भारत में ही नहीं, दुनिया में श्रीराम अत्यंत पूज्यनीय हैं और आदर्श पुरुष हैं। थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि कई देशों में भी श्रीराम आदर्श के रूप में पूजे जाते हैं। श्रीराम केवल भारतवासियों या केवल हिन्दुओं के मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि बहुत से देशों, जातियों के भी मयार्दा पुरुष हैं जो भारतीय नहीं। रामायण में जो मानवीय मूल्य दृष्टि सामने आई, वह देशकाल की सीमाओं से ऊपर उठ गई। वह उन तत्वों को प्रतिष्ठित करती है, जिन्हें वह केवल पढ़े-लिखे लोगों की चीज न रहकर लोक मानस का अंग बन गई। इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम राष्ट्र में नागरिक रामलीला का मंचन करते हैं तो क्या वे अपने धर्म से भ्रष्ट हो जाते हैं? इस मुस्लिम देश में रामलीलाओं का मंचन भारत से कहीं बेहतर और शास्त्रीय कलात्मकता, उच्च धार्मिक आस्था के साथ किया जाता है। ऐसा इसलिये संभव हुआ है कि श्रीराम मानवीय आत्मा की विजय के प्रतीक महापुरुष हैं, जिन्होंने धर्म एवं सत्य की स्थापना करने के लिये अधर्म एवं अत्याचार को ललकारा। इस तरह वे अंधेरों में उजालों, असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई के प्रतीक बने।

# निरंतर बढ़ रही है योगी जी की लोकप्रियता

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में प्रचंड मोदी लहर पर सवार होकर भाजपा सत्ता में आयी और योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।पार्टी और जनसामान्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपना पहला कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया वरन पूर्ण बहुमत से दोबारा सत्ता में वापसी की और इसी माह अपने कार्यकाल के छह सफल वर्ष पूरे किए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता व उनके कार्यों की गूंज अब केवल प्रदेश में ही अपितु पूरे देश में सुनाई दे रही और वो प्रदेश के अब तक के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गये हैं।

प्रदेश में योगी सरकार के छह वर्ष पूर्ण होने के बाद सोशल मीडिया में यदि सबसे ज्यादा किसी नेता को सर्च किया गया है तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही हैं। योगी राज के दूसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण होने पर योगी जी को दक्षिण भारत में सबसे अधिक सर्च किया गया जिसमें सबसे अधिक लोगों ने तमिलनाडु में सर्च किया उसके बाद आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व कर्नाटक का स्थान रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में वृद्धि के कई कारण हैं जिसमें सबसे प्रमुख है प्रदेश में माफिया राज व गुंडों के खिलाफ होने वाली कार्यवाही जिसके कारण आज



प्रदेश में अपराधी जहां कांप रहे हैं वहीं प्रदेश में सभी स्तरों व क्षेत्रों में विकास की धारा बह रही है।

प्रदेश के अपराधी व गुंडे स्वयं सीने में तख्ती लगाकर और पैदल चलकर थाने पहुंचकर आत्मसर्पण करना चाह रहे हैं वहीं बड़े- बड़े खूंखार माफिया जिन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि कोई उन्हें पकड़ कर जेल में डाल भी सकता है वो अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं और सुप्रीम अदालत में पहुंच रहे हैं। प्रदेश में जो माफिया विगत 30 वर्षों से प्रदेश में आतंक का वातावरण बनाकर रखे हुए थे और अपने राजनैतिक आकाओं के हितों की पूर्ति के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे अब उनके हालात बदल चुके हैं।मुख्तार अंसारी से लेकर अतीक अहमद जैसे बड़े नामे के अलावा प्रदेश में छोटे माफिया पर भी कार्यवाही हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद विधानसभा में बयान दिया था कि ह्लमाफिया को मिट्टी में मिला देंगेह्ल उसका असर जमीन पर भी दिखाई दे रहा है। माफिया जगत व अपराधियों पर बुलडोजर कार्यवाही पर तेजी आ गई है। आज प्रदेश में अपराधी पस्त और पुलिस बलों को जोश हाई हो रहा है।

योगीराज में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार हो रहा है और प्रदेश में सांस्कृतिक उत्सवों की बयार आ गई है।अपने दूसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ह्लउपद्रवों के लिए नहीं, अब उत्सवों के लिए जाना जाता है प्रदेशह्व और उनकी .यह बात अक्षरशः सत्य है।आस्था के सम्मान के साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। सुप्रीम कोर्ट से अयोध्या विवाद का ऐतिहासिक अंत हो जाने के बाद अयोध्या में जहां भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है और वहीं नव्य और दिव्य अयोध्या नगरी को विकसित किया जा रहा है उसी प्रकार काशी विश्वनाथ कारिडोर का भव्य निर्माण हो जाने के बाद वहां पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ आ रही है। योगी सरकार में आस्था के केंद्रों का जिस प्रकार विकास हो रहा है उससे सनतान समाज में उल्लास, उत्साह और उमंग का वातावरण है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभी हाल ही में अयोध्या का भ्रमण किया और कहा कि अयोध्या विश्व की सुंदरतम नगरी बनने जा रही है।

मिजार्पुर में प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर, मां अष्टभुजी देवी मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सीतापुर में नैमिषारण्य का भी विकास किया जा रहा है। प्रदेश में ह्वएक जिला एक पर्यटन केंद्रह्ल को ध्यान में रखते हुए धार्मिक स्थलों का विकास किया जा रहा है।योगी जी सभी आस्था के केंद्रों के विकास के लिए संकल्पवान हैं। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी का 100 और अयोध्या का 50 बार दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ब्रज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में भी प्रयत्नशील हैं।

योगीराज में कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा के माध्यम से सम्मान किया जाना एक अनोखा कार्य था जिससे सभी सनातनी अभिभूत हो रहे हैं।प्रदेश में गोवंश की रक्षा करने के लिए कड़ा कानून आया है और गोवंश तस्करों पर कड़ी कार्यवाही हो रही है । धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बना जिसका असर समाज में दिखलाई पड़ रहा है। अब लव जिहाद जैसे प्रसंगों पर भी कानून के दायरे में कड़ी कार्यवाही हो रही है।

छह वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक 'छह साल -यूपी खुशहाल' का विमोचन किया और ह्लऊंची उड़ान- नई पहचानह्व पोस्टर का भी अनावरण किया है। पुस्तक और पोस्टर से पता चल रहा है कि प्रदेश में छह वर्षों में बड़े परिवर्तन हुए हैं।

# भारत के अंदर-बाहर सभी जगह राम का नाम

**आर.के. सिन्हा**

भारत के कण-कण में राम बसे हैं। भारत की राम के बिना कल्पना करना ही असंभव है। सारा भारत राम को अपना आराध्य और पूजनीय मानता है। डॉ राम मनोहर लोहिया कहते थे कि भारत के तीन सबसे बड़े पौराणिक नाम झ ह्लराम, कृष्ण और शिव ही हैं ह्व उनके काम के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी प्रायः सभी को, कम से कम दो में एक भारतीय को तो होगी ही। उनके विचार व कर्म, या उन्होंने कौन-से शब्द कब कहे, उसे विस्तारपूर्वक दस में एक तो जानता होगा। कभी सोचिए कि एक दिन में भारत में कितनी बार यहां की जनता प्रभु राम का नाम लेती है।

पर भगवान राम को सिर्फ भारत तक सीमित करना उचित नहीं होगा। वैसे तो थाईलैंड बौद्ध देश हैं, पर वहां भी राम आराध्य है। राजधानी बैंकॉक से सटा है अयोध्या शहर। वहां के लोगों की मान्यता है कि यहीं थी भगवान श्रीराम की राजधानी। थाईलैंड के बौद्ध मंदिरों में आपको ब्रह्मा, विष्णु और महेश की मूर्तियां और चित्र भी मिल जाएंगे। इन सभी देवी-देवताओं के अलग से मंदिर भी हैं। इनमें रोज बड़ी संख्या में हिन्दू और बौद्ध मताबलम्बी पूजा अर्चना के लिए आते हैं। यानी थाईलैंड बौद्ध और हिन्दू धर्म का एक सुंदर मिश्रण पेश करता है। कहीं कोई कटुता या वैमनस्थ का भाव नहीं है। थाईलैंड का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण है। वैसे थाईलैंड में थेरावाद बौद्ध के मानने वाले बहुमत में हैं, फिर भी वहां का राष्ट्रीय ग्रन्थ रामायण हैह्ल जिसे थाई भाषा में ह्ल राम-कियेनह्ल कहते हैं ह्ल जिसका अर्थ राम-कीर्ति होता है, जो वाल्मीकि रामायण पर आधारित हैह्ल थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के सबसे बड़े और भव्य हॉल का नाम ह्यरामायण हॉलह्ल है। यहां पर राम कियेन पर आधारित नृत्य नाटक और कठपुतलियों का प्रदर्शन प्रतिदिन होता है। राम कियेन के मुख्य पात्रों में राम (राम), लक (लक्ष्मण), पाली (बाली), सुक्रीप (सुग्रीव), ओन्कोट (अंगद), खोम्पून ( जाम्बवन्त), बिपेक ( विभीषण), रावण, जटायु आदि हैं। इस नाटिका के मंचन के दौरान हॉल में वातावरण पूरी तरह से राममय हो जाता है। थाईलैंड में राजा को राम ही कहा जाता है। उसके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लगता है। राज परिवार अयोध्या नामक शहर में रहता हैह्ल ये स्थान बैंकॉक से 50-60 किलोमीटर दूर होगा। बहुत खूबसूरत शहर हैं। भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में भी राम हैं। यहां का पोपा पर्वत औषधियों के लिए विख्यात है। माना जाता है कि लक्ष्मण के उपचार के लिए पोपा पर्वत के ही एक भाग को हनुमान जी उखाड़कर ले गये थे। वे लोग उस पर्वत के मध्यवर्ती खाली स्थान को दिखाकर पर्यटकों को यह बताते हैं कि पर्वत के उसी भाग को हनुमान उखाड़ कर लंका ले गये थे। अयोध्या के कोरिया से 2000 वर्ष पुराने रिश्ते बताए जाते हैं। वहाँ भी एक अयोध्या है जिसे अयुता कहा जाता है। रामकथा विभिन्न देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। उन सबसे भारतीयों का भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर रामायण की गहरी छाप है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ था। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है। इंडोनेशिया की रामलीला के बारे में अक्सर लिखा जाता है। जब वहां के राष्ट्रपति सुकर्णो के विरुद्ध साजिश रची गयी तो बीजू पटनायक (उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पिता) अपने विमान से उन्हें बचा कर लाये थे। सुकर्णो की बेटी का जन्म हुआ तो श्री पटनायक ने उनका नामकरण सुकर्णपुत्री मेघावती किया था। इसी नाम को वहां उन्हें लोकप्रियता मिली और अपने पिता की भांति वह भी सत्ता प्रमुख निर्वाचित हुईं।

गांधी जी भारत में राम राज्य की स्थापना देखना चाहते थे। गांधी जी ने ऐसे ही रामराज्य का स्वप्न देखा था जो पवित्रता और सत्यनिष्ठा पर आधारित हो।

राम का नाम भारत से बाहर जा बसे करोड़ों भारतवंशियों को एक-दूसरे से जोड़ता है। राम आस्था के साथ सांस्कृतिक चेतना के भी महान दूत हैं। गोरी सरकार बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश, बिहार और कुछ अन्य राज्यों के लोगों को श्रमिकों के रूप में मारीशस, फीजी, सूरीनाम और कैरिबियाई टापू देशों में लेकर गई थी, गन्ने के खेतों में काम करवाने के लिए। इन श्रमिकों ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कमाल की जीवटता दिखाई और घोर परेशानियों से दो-चार होते हुए अपने लिए जगह बनाई। इन भारतीय श्रमिकों ने लंबी समुद्री यात्राओं के दौरान अनेक कठिनाइयों को झेला। अपने देश से हजारों किलोमीटर दूर जाकर बसने के बावजूद इन्होंने अपने संस्कारों को छोड़ा नहीं। इनके लिए अपना धर्म, भाषा और संस्कार बेहद खास थे। दरअसल ब्रिटेन को 1840 में गुलामी का अंत होने के बाद श्रमिकों की जरूरत पड़ी जिसके बाद भारत से ह्लगिरमिटिया मजदूरह्व या एग्रीमेंट पर लाये जाने वाले मजदूर बाहर के देशों में जाने लगे। बेशक भारत के बाहर जाने वाला प्रत्येक भारतीय अपने साथ एक छोटा भारत ले कर जाता था।

## आईसीयू में लेटी सरकारी नौकरी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

मैं निजीकरण से हारकर प्रशासन के आईसीयू में अंतिम साँसें गिनने वाली सरकारी नौकरी हूँ। भविष्य में फिर कभी दिखाई दूँगी, ऐसा मैं ठीक से नहीं कह सकती। निजीकरण जिस बुलेट ट्रेन की स्पीड से, स्मार्ट शहरों से होते हुए गाँव-गाँव-बस्ती-बस्ती पहुँच रहा है, उसके आगे मेरी क्या बिसात! किंतु जाते-जाते मैं बेरोजगारों से कुछ कहना चाहती हूँ

हे अनंत डिग्रीधारी! मोटी-मोटी किताबों को चाटकर जो बुद्धि तुमने प्राप्त की है, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। जब तुम पैदा हुए तब मात्र दो आँखें थी, किंतु मेरी खोज में दो से चार आँखें हो गई। मोटे-मोटे चश्मे लगाए मुझसे नैन-मटक्का करने की लाख कोशिश की। मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हारी न बन सकी। एक अनार सौ बीमार से आशिकों के बीच मैं सनम बेवफा बनकर बदनाम होने का आरोप सह सकती हूँ लेकिन तुम्हें दोष नहीं दे सकती। मैं निजीकरण के हाथों दफन होने के लिए तैयार हो चुकी हूँ। मैं इस सदी में आखिरी सरकारी नौकरी थी। अब भविष्य में कोई सरकारी नौकर नहीं दिखाई देगा। यदि भूलवश दिखाई दे गया तो उसके साथ वही व्यवहार होगा जो संग्रहालय में रखे सामानों के साथ होता है। वह दुनिया के आठवें अजूबे के रूप में देखा जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि सब के सब निजीकरण के दरबार में जी हुजूरी कर रहे हैं। अब तो हवा, पानी, धरती, आकाश, आग भी निजीकरण के हाथों मजबूर हैं। उनके नाम से नाना तरह के टैक्स वसूले जाने लगे हैं। मैं बहुत खुशनसीब थी जो अपने जीवनकाल में कभी इन्हें निजीकरण के हाथों गिड़गिड़ाते नहीं देखा।

मैं मृत शरीर सा कंकाल बनकर, दिवंगतों की सूची में दिगंबरों की तरह शामिल होकर, निश्चेष्ट-निस्तेज-निश्वास अपने अतीत को याद करते हुए इस दुनिया से विदा ले रही हूँ।

# पुरानी कोतवाली-स्टेशन रोड से हटायें तत्काल अतिक्रमण: डीएम

## डीएम-एसपी ने सडक सुरक्षा पर दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कर्वी कोतवाल व नगर पालिका के ईओ को कडे निर्देश दिये कि स्टेशन रोड से अतिक्रमण तत्काल हटवा दें। अतिक्रमण न हटाने वालों पर कडी कार्यवाही करें।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने प्रमुख चैराहों, मार्गों पर सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ चिन्हांकन, हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन, रांग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट् सुदृढ़ीकरण, पब्लिसिटी वैन से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, सड़कों पर लेन व्यवस्था, चालकों-परिचालकों को नेत्र शिविर, पेट्रोल पंपों पर हेलमेट-सीटबेल्ट के लिए बैनर-पोस्टर से जन जागरूकता करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ से कहा कि शिवरामपुर पुलिया एवं राजापुर रोड में सकरे पुल व सरधुआ रोड, अर्की मोड़ के पास रंबल स्टेप व साइनिंग बोर्ड लगायें। काली घाटी सरैया मोड़ के पास सड़क चैड़ी की जाये। सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन एवं यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि जो छोटे बच्चे मोबाइल में बात करते हुए वाहन चलाते पकड़े जाएं, उनके माता-पिता से वार्ता की जाए। कोई भी वाहन बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के न चले। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि विद्यालयों को पत्र जारी करें कि कोई भी छोटा बच्चा वाहन न चलाएं। ईओ नगर पालिका तथा कर्वी कोतवाल से कहा कि पुरानी कोतवाली के पास एवं स्टेशन रोड में अभियान चलाकर जो दुकानदार सड़क पर दुकानें लगाते हैं, उन्हें तत्काल हटायें। चालान भी करें। स्टेशन रोड की सड़क पर वाइंडिंग की भी व्यवस्था की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि प्रत्येक पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा के संबंध में पोस्टर-बैनर लगवा कर जन जागरूकता की जाये। किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के तेल भी न दिया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन से सड़क सुरक्षा की बाबत मिले निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करायें। एआरटीओ से कहा कि प्राइवेट बसों का संचालन शहर के बाहर से करायें। एसडीएम सदर से कहा कि राजापुर की ओर प्राइवेट बसों का संचालन गल्लामंडी से करायें। बेड़ीपुलिया में बने बस स्टॉप से बांदा की बसों का संचालन करायें। प्रयागराज की ओर बसों के संचालन की भी व्यवस्था कराई जाए।



पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गुड सेमेरिटन में सतर्क रहकर कार्य करें। जो भी व्यक्ति घटना की जानकारी दे, उसे सम्मानित कराया जाए। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, राजापुर सीओ शीतला प्रसाद पांडेय, मऊ सीओ राजकमल, एक्सईएन लोनिवि सत्येंद्र नाथ, एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस को साथ लेकर मेडिकल स्टोरों में मारें छापे: डीएम

## मादक पदार्थों की बिक्री रोकने को प्रशासन मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से आम जनता को जागरूक करने की गरज से जिला स्तरीय समिति एवं उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जिला संचालन समिति स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा से कहा कि उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष की पत्रावलियां नोडल अधिकारी के पास है। उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में डीएम अभिषेक आनन्द ने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि जो मामले विवेचना के लंबित हैं। उन्हें संबंधित अधिकारियों से निस्तारित कराएं, ताकि पीड़ित परिवारों को लाभ मिल सके। जिला प्रोवेशन अधिकारी से कहा कि पास्को एक्ट के मामले में अपर जिलाधिकारी, एएसपी व संयुक्त निदेशक अभियोजन के साथ बैठक करके रिपोर्ट पेश करें, ताकि मामलों का निस्तारण हो सके। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि नशा मुक्ति को केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश हैं कि



प्रत्येक माह बैठक कराकर नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के सेवन से हानि के बारे में प्रचार-प्रसार करायें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ तालमेल बनाकर विद्यालय वार नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जाये। नशा मुक्ति केंद्र खोलने को शासन से पत्राचार किया जाए।

एडीएम से कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ कमेटी बनाकर मेडिकल स्टोर पर कप, सीरप व नशीली दवाओं का निरीक्षण करायें। खासतौर पर विद्यालयों के आसपास की दुकानों पर छापामारी की जाये। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर के साथ सभी मेडिकल स्टोरों की जांच करायें। साथ में पुलिस को भी लिया जाए।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा, डीईओ राजेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित, एसीएमओ डॉ आरके चैरिहा, सीएमएस डॉ सुधीर कुमार, डीआईएसओ देवेंद्र स्वरूप समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हमीरपुर में दो युवकों ने लगाई फांसी, एक की मौत

**हमीरपुर।** जिले में दो युवकों ने फांसी लगा ली, जिससे एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार को पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

जिले के राठ कस्बे के सिकन्दरपुरा मुहाल निवासी संतोष (40) पुत्र दीनदयाल गुप्ता ने अपने घर में ही फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई मनोज कुमार गुप्ता ने आज बताया कि संतोष मानसिक रूप से बीमार था, जिसका इलाज ग्वालियर में चल रहा था। मंगलवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी है।

## न्यूज झरोखा

### गौरव दिवस पर सद्गुरु ट्रस्ट जलायेगा 1.51 लाख दिये: डा बीके जैन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** चैत्र नवरात्रि उत्सव तीस मार्च की समाप्ति पर एवं रामनवमी पर्व पर चित्रकूट गौरव दिवस में चित्रकूट के नगरवासी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थायें धर्मनगरी में 11 लाख दीपक प्रज्ज्वलित करेंगे। इसमें पांच लाख उत्तर प्रदेश क्षेत्र और छह लाख मप्र क्षेत्र में जलाये जायेंगें। मंगलवार को श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने बताया कि कार्यकर्ता 1.51 लाख दीपकों से भरतघाट, जानकीघाट, रघुवीर मन्दिर, तुलसी मार्ग, जानकीकुण्ड का सतना मार्ग जगमग करेंगे। सदगुरु सेवा संघ ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बीके जैन ने बताया कि चित्रकूट गौरव दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ क्षेत्रवासियों ने बीते साल भी मनाया था। इस साल भी इसे जोरदार ढंग से मनाने की तैयारी में जुटे हैं। दोनों प्रदेश के जिला प्रशासन के साथ सभी सामाजिक संस्थाएं, मठ-मंदिर, नगरवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट 1.51 लाख दीपक जलाने को ट्रस्ट प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। ट्रस्ट के कार्यकताओं की विभिन्न टीमों के साथ मिलकर बैठक कर रूपरेखा बनाई गई है। नगरवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील किया कि चित्रकूट गौरव दिवस पर सभी लोग ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लें।

### 31 मार्च तक परिषदीय स्कूलों का मिलेगा रिजल्ट: एनपी सिंह



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 24 मार्च को समाप्त हुई वार्षिक परीक्षा के बाद रामनगर ब्लाक में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की कक्षा एक से चार तक तथा छह व सात की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन संबंधित विद्यालय के शिक्षक विद्यालय स्तर पर कर रहे हैं। कक्षा पांच की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन न्याय पंचायत संसाधन केंद्रों एवं कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन ब्लॉक संसाधन केंद्र पर तेजी से जारी है।

मंगलवार को रामनगर ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने सभी शिक्षकों को सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के निदेर्शों के क्रम में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परीक्षा फल तैयार करने के निर्देश दिये हैं। एबीएसए एनपी सिंह ने बताया कि आज कई विद्यालयों में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की स्थिति देखी है। विभागीय दिशा-निदेर्शों के अनुसार रामनगर ब्लाक के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा दौरान विद्यालय अनुश्रवण में देखा कि लगभग सौ फीसदी छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापकों को 31 मार्च तक छात्र-छात्राओं को रिजल्ट देने के निर्देश दिये गये हैं।

पति ने पुत्र के साथ मिलकर कर दी पत्नी की हत्या

### पति ने पुत्र के साथ मिलकर कर दी पत्नी की हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार को एक पति ने अपने पुत्र के सहयोग से पत्नी की हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को घंटों घर में छिपाने के बाद उसे जला दिया। सूचना पाकर आई मृतका की पुत्री ने पिता व भाई पर मां की हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मौके से पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

थाना जसराना के गांव स्यौंडा निवासी सुरेंद्र ने अपने बेटे मुचकेंद्र के साथ मिलकर पत्नी संगीता (45) की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसके शव को घंटों घर में छिपाए रखा उसके बाद शव को जला दिया। जब इस घटना की जानकारी किसी तरह औरंगाबाद निवासी उसकी पुत्री भारती को हुई तो वह मौके पर पहुंच गई। उसने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी सचिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को चिता से निकालने का प्रयास किया लेकिन तब तक शव पूरी तरह से जलकर राख हो चुका था। पुत्री भारती ने पिता सुरेंद्र सिंह एवं भाई मुचकेंद्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पुत्री भारती की तहरीर पर सुरेंद्र एवं उसके पुत्र मुचकेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## फटाफट खबरें

### नाले के चेम्बर में गिरे दो वर्षीय बालक की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव में प्रधान व सचिव की लापरवाही से एक दो वर्षीय बालक की सरकारी नाले के चेम्बर में गिरने से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

ये हादसा मंगलवार को सवेरे आठ बजे हुआ। बताया गया कि खंडेहा गांव में घर के बाहर रुहान पुत्र नसीम उर्फ रज्जू खेल रहा था। वहीं पर ग्राम पंचायत ने नाला निर्माण करवाया था। नाले के चेम्बर में पत्थर न रखने से वह खुला पडा था। इस खुले चेम्बर में खेलते-खेलते अचानक दो वर्षीय रुहान गिर गया। परिजनों के ध्यान न देने पर बालक की मौत हो गई।

परिजन बालक को आनन-फानन में लेकर सीएचसी मऊ गये। वहां डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने प्रधान व सचिव को बालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाने को तहरीर दी है।

### सम्पर्क मार्ग का निर्माण न होने से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के भंभई गांव से पुरवा तरौंहा व बीरा हिनौता सम्पर्क मार्ग के न बनने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। सम्पर्क मार्ग में सिर्फ बडे-बडे बोल्डर पडे हैं। बोल्डर से गुजरने में लोगों को भारी दिक्कतें हो रही हैं।

मंगलवार को भंभई व पुरवा तरौंहा तथा बीरा हिनौता के ग्रामीणों ने बताया कि भंभई से पुरवा तरौंहा व बीरा हिनौता सम्पर्क मार्ग का निर्माण न होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग में बडे-बडे बोल्डर पडे हैं। बोल्डर से गुजरने में भारी दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मार्ग से लोगों का काफी आवागमन है। इसके बाद भी मार्ग का निर्माण नहीं किया जा रहा है।

कुछ दिनों पहले इस मार्ग पर ग्रामीणों ने अपने स्तर से कुछ दूर तक मिट्टी डलवा दी थी। जहां तक मिट्टी पडी है, वहां तक लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो रही, लेकिन जहां मिट्टी नहीं पडी वहां आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। लोगों ने जिलाधिकारी से भंभई से पुरवा तरौंहा व बीरा हिनौता सम्पर्क मार्ग बनवाने की गुहार लगाई है।

### प्रधान पुत्र ने रिश्ते के बाबा की सब्बल मारकर की हत्या, प्रधान पुत्र फरार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में पुरानी रंजिश के चलते रिश्तों का कत्ल करने की सनसनीखेज घटना प्रकाश में आई है। प्रधान के बेटे ने परिवार के ही बाबा को लोहे की सब्बल मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। हत्या की ये घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के चैरा गांव में हुई। बताया गया कि शिवनरेश उर्फ कामता (70) की हत्या घर के सामने रिश्ते के चचेरे भतीजे शैलेंद्र पुत्र दिनेश सिंह ने सब्बल मारकर सिर पर हमला किया था। हमले के बाद वहां से भाग गया। हमले से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को परिजन इलाज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाये। डॉक्टरों ने गंभीर दशा के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज दौरान घायल वृद्ध की मृत्यु होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक शिवनरेश के बेटे शारदा ने पुलिस को बताया कि आरोपी शैलेंद्र के भाई धीरेंद्र की तीन दिसंबर 2021 को किसी ने मुख्यालय स्थित सोनेपुर गांव के पास हत्या कर दी थी।

# रामनवमी दीपदान को बच्चों को उपलब्ध करायें वाहन

## डीएम ने कानून व्यवस्था की बैठक में दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में अभियोजन, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था तथा एंटी भू-माफिया की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पास्को एक्ट के मामलों पर जल्द कार्यवाही करें। महिला संबंधी उत्पीड़न के मामले पर प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए।

मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने थानाध्यक्षों से कहा कि जिन मामलों में गवाह कोर्ट में शत-प्रतिशत हाजिर होते हैं, उन मामलों को जल्दी निपटायें। अगले माह से थाना वार समीक्षा कर जिस थाना में गवाहों की हाजिरी की स्थिति ठीक न होने पर थानाध्यक्षों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों से कहा कि कोर्ट में चलने वाले आर्म्स एक्ट के मामले में थानों से मांगी जानी वाली रिपोर्ट समय से दी जाये। रामनवमी पर्व को सकुशल संपन्न कराने को सभी उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाएं चैकस करा लें।

उन्होंने रामघाट, परिक्रमा मार्ग समेत अन्य तीर्थ स्थलों पर रामनवमी के दिन दीपदान के कार्य भव्य ढंग से कराये जायें। मजिस्ट्रेट व पुलिस बल भी तैनात किया जाए। एआरटीओ प्रवर्तन से कहा कि जिन विद्यालयों के बच्चे रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर दीप जलाने जाएंगे, उनके आवागमन को वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मंदाकिनी गंगा व बड़े तालाबों में नवरात्रि पर्व पर देवी जवारा विसर्जित किये जाते हैं, वहां सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता व ईओ गोताखोर नाव की व्यवस्था करें। उन्होंने एसडीएम राजापुर, सीओ राजापुर से कहा कि अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही कराएं। राजापुर पुल के पास जिक-जैक बैरियर लगाकर जांच करायें। जो ओवरलोड वाहन बिना रवन्ना के पाए जाएं, उन्हें सीज कराया जाए। उप जिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व खनिज अधिकारी से कहा कि अभियान चलाकर अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करें। नोइंट्री दौरान शहर में कोई भी ट्रक व वाहन न खड़ा रहे। इस संबंध में व्यापारियों ने वार्ता करें। भूमि संबंधी मामलों में जल्द कार्यवाही की जाये। एंटी भू-माफियाओं के खिलाफ भी कडी कार्यवाही की जाए।

पास्को एक्ट में 62 दिन के अंदर एससी/एसटी पीड़िता के साथ हुई घटना पर चार वर्ष की सजा व जुमार्ना कराने पर पुलिस की प्रभावी पैरवी व अभियोजन के कार्य को देखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त निदेशक अभियोजन ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनंद को प्रशस्ति पत्र दिया।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ राजापुर शीतला प्रसाद पांडेय, मऊ सीओ राजकमल, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, सहायक संभागीय अधिकारी प्रशासन प्रदीप कुमार, प्रवर्तन विवेक शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी व जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# हत्या का स्वांग करने वाला 25 हजार का ईनामी दबोचा

## एएसपी ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाना पुलिस टीम ने युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म के आरोपी की हत्या के फर्जी घटना का खुलासा कर 25 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को दबोचा है।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के गौहानी कला गांव के राजबहादुर पुत्र रामऔतार व उदयभान पुत्र रामऔतार निवासी कछियापुरवा हरदौली के खिलाफ थाने में दुष्कर्म आदि धाराओं का मामला दर्ज हुआ था। राजबहादुर ने बीस जुलाई 2022 से फरार चल रहा था।



न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गिरफ्तारी से बचने को परिजनों के माध्यम से राजापुर थाने में अपनी हत्या की झूंठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पप्पू उर्फ राजबहादुर पुत्र माताबदल व शकुन्तला पत्नी स्व माताबदल निवासी कछियापुरवा, सुकुरुवा पुत्र चुनकाई व छोटा पुत्र हनुमान निवासी गौहानी तथा कैलाश उर्फ कल्लू पुत्र बाबूलाल पटेल निवासी अनीपुर और राजा पुत्र रामदेव निवासी अर्जुनपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राजबहादुर ने आरोप लगाया था कि छह लोगों ने उसके पुत्र को बुलाकर शराब पिलाने के बाद हत्याकर शव गायब कर दिया था।

इस मामले की विवेचना राजापुर थानाध्यक्ष और चैकी प्रभारी गनीवा कर रहे थे। उन्होंने 25 हजार रुपये के ईनामी राजबहादुर पुत्र रामऔतार को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। राजबहादुर की मृत्यु की फर्जी सूचना देने वाले के खिलाफ भी उचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जायेगी। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा जर्नादन प्रताप सिंह, सिपाही अशोक पाल, पवन यादव शामिल रहे।

# विदेश संदेश

## सऊदी : उमरा करने मक्का जा रहे यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 20 की मौत

**रियाद।** सऊदी अरब में उमरा करने मक्का जा रहे यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस कारण 20 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए । घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। बताया गया है कि यह बस सऊदी अरब के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में यमन की सीमा से लगे असीर प्रांत से हज यात्रियों को लेकर मक्का शहर जा रही थी। यह लोग पवित्र रमजान महीने में उमरा करने जा रहे थे।



रास्ते में सड़क पर रमजान के दौरान इफ्तारी के बाद आनंदित होकर निकले एक समूह के सामने आने पर चालक ने ब्रेक लगाया, किन्तु ब्रेक फेल होने के कारण बस रुक नहीं सकी और एक पुल से टकरा गई। पुल से टकराने के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

## नेपालः काठमांडू रक्सौल रेलवे की डीपीआर अंतिम चरण में

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी से भारत के बिहार राज्य के रक्सौल तक रेलवे की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अंतिम चरण में है। नेपाल के उप प्रधानमंत्री एवं भौतिक आधारभूत संरचना और परिवहन मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया किया कि भारत ने इस परियोजना के रिपोर्ट के बारे में सूचित किया है। एक महीने के अंदर डीपीआर रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्रेष्ठ ने उम्मीद जताई कि नेपाल को एक महीने के भीतर डीपीआर मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने सूचित किया है कि प्रस्तावित काठमांडू रक्सौल रेलवे की डीपीआर एक महीने के भीतर तैयार कर ली जाएगी।

भारत सरकार ने भारत के बिहार राज्य के रक्सौल से नेपाल की राजधानी काठमांडू तक बनने वाले रेलवे को बहुत महत्व दिया है। यह देखा गया है कि बारा में निजगढ़ होते हुए रक्सौल से काठमांडू आने के दौरान भौगोलिक रूप से जटिल पहाड़ होने के कारण रेलवे निर्माण चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होगा। नेपाल और भारत के बीच 8 अक्टूबर, 2021 को काठमांडू-रक्सौल रेलवे की (डीपीआर) में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस बात पर भी सहमति बनी कि भारत इस परियोजना में पैसा भी लगाएगा। भारत पहले ही प्रारंभिक इंजीनियरिंग और यातायात सर्वेक्षण रिपोर्ट नेपाल को दे चुका है। भारतीय कंपनी केआरसीएल द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे की लंबाई 136 किलोमीटर होगी जिसके 40 किलोमीटर हिस्से में सुरंग होगी जबकि 35 पुल बनेंगे।

## नाटो सैन्य गठबंधन में फिनलैंड के शामिल होने के प्रयास को हंगरी की संसद ने दी मंजूरी

**बुडापेस्ट।** हंगरी की संसद ने नाटो सैन्य गठबंधन में फिनलैंड के शामिल होने के प्रयास को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही फिनलैंड नाटो के पूर्ण सदस्य बनने के एक कदम और करीब पहुंच गया है। हंगरी में 182 सांसदों ने फिनलैंड के प्रयास के पक्ष में मतदान किया जबकि केवल छह ने इसके खिलाफ वोट दिया। हंगरी की स्वीकृति के बाद, तुर्किए अब नाटो के 30 सदस्यों में से एकमात्र सदस्य है जिसने फिनलैंड के इस सैन्य गठबंधन में शामिल होने को मंजूरी नहीं दी है। सैन्य गठबंधन में शामिल होने के लिए सभी सदस्य देशों की स्वीकृति आवश्यक है।

## नेपाल में वाहनों की इम्बोस्ड नंबर प्लेट पर होगा देवनागरी लिपि का इस्तेमाल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उलट वाहनों पर लगने वाली इम्बोस्ड नंबर प्लेट देवनागरी लिपि में लिखे जाने का फैसला लिया है। सरकार ने इसके लिए कार्य योजना बढ़ा दी है। नेपाल के उप प्रधानमंत्री एवं भौतिक आधारभूत संरचना और परिवहन मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने सोमवार को मंत्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के निर्देश के बाद इस कार्य योजना को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि देवनागरी लिपि में इम्बोस्ड नंबर प्लेट लगाने के संबंध में संबंधित कंपनी से चर्चा चल रही है। दरअसल, नेपाल में वाहनों के सामान्य नंबर प्लेट पर देवनागरी लिपि का प्रयोग किया जाता है। अब वाहनों पर इम्बोस्ड नंबर प्लेट लगाई जा रही, जिसमें अंग्रेजी लिपि का इस्तेमाल किये जाने पर व्यापक विरोध हुआ। वाहन चालक अंग्रेजी लिपि में लिखी गई इम्बोस्ड नंबर प्लेट लगाने को तैयार नहीं हैं। अंग्रेजी लिपि में इम्बोस्ड नंबर प्लेट लगाने की कवायद के बीच यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया।

## बंदूक की 653 गोलियां ढूंढने को हेसन शहर में लगा लॉकडाउन, दो लाख लोग घरों में कैद

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन अपने आदेशों से दुनिया भर में चर्चा का मुद्दा रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने एक ऐसा ही आदेश करके दो लाख लोगों को घरों में कैद कर दिया है। दरअसल, एक सैनिक के पास से गायब 653 गोलियां ढूंढने के लिए एक पूरे हेसन शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया है। उत्तर कोरिया के उत्तरी इलाके रियांग के हेसन शहर से बीते सात मार्च को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की सातवीं बटालियन वापस लौटी थी। इस बटालियन को 2020 में कोरोना महामारी की



शुरुआत में चीन सीमा पर तैनात किया गया था। कोराना संकट समाप्त होने के बाद सेना को वापस बुलाया गया। बटालियन की वापसी के दौरान एक सैनिक के पास से 653 गोलियां गायब हो गयी थीं। शुरुआत में जवान खुद इसे तलाशने में जुटे थे, लेकिन न मिलने पर अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। बंदूक की 653 गोलियां ढूंढने के लिए अब पूरे शहर में लॉकडाउन लगाकर सील कर दिया गया है। पुलिस और सेना घर-घर तलाशी शुरू कर रही है। सरकार का सख्त आदेश है कि जब तक सारी गोलियां नहीं मिल जाती हैं, तब तक शहर में लॉकडाउन लगा रहेगा। इस कारण शहर के दो लाख लोग घरों में कैद हो गए हैं। उन्हें बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

## अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी में तीन बच्चों की मौत

**नैशविले।** अमेरिका के नैशविले के एक निजी क्रिश्चियन प्राथमिक स्कूल में पुलिस और अज्ञात बंदूकधारी के बीच हुई गोलीबारी में तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ में संदिग्ध को भी ढेर कर दिया है। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।रिपोर्ट के मुताबिक द कॉवनेंट स्कूल के तीनों बच्चे गोली लगने से घायल हो गए। उनको मोनरो कैरेल जूनियर चिल्ड्रन अस्पताल ले जाया



गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। गोलीबारी के दौरान स्कूल में नर्सरी से लेकर छठी कक्षा तक के लगभग 200 छात्र मौजूद थे। हमले में कोई और घायल हुआ है या नहीं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।

## आईएसआईएस ने किया था काबुल में आत्मघाती हमला, मरने वालों की संख्या हुई छह

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में विदेश मंत्रालय के पास आईएसआईएस ने आत्मघाती हमले को अंजाम दिया था। इस तेज धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़ कर छह हो गयी है। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में विदेश मंत्रालय के पास सोमवार दोपहर बाद अचानक तेज धमाका हुआ था। जिस जगह धमाका हुआ, उसके पास ही काबुल का प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। धमाके के कारण तेज आग लग गयी और लपटों के साथ धुआं भी देखा गया। आग की लपटें दूर तक दिख रही थीं और आसमान में धुएं के बादल छा गए। काफी दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद व्यापारिक केंद्र व विदेश मंत्रालय के आसपास भगदड़-सी मच गयी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए जूझती रहीं। धमाके में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। अब यह संख्या बढ़ कर छह हो गयी है। आठ लोग अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत से



जूझ रहे हैं, जिनमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा था कि विदेश मंत्रालय के पास व्यापारिक केंद्र के बाहर खड़ी एक कार में धमाका हुआ। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो व फोटोग्राफ्स में एक कार से लपटें उठती दिख रही थीं। अब तक की जांच में पता चला है कि खूंखार आतंकी संगठन आईएसआईएस के आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा कर धमाके को अंजाम दिया था। फिलहाल जांच एजेंसियां घटना की जांच में जुटी हैं। जिस इलाके में यह विस्फोट हुआ है, वहां कई सरकारी इमारतें और दूतावास हैं।

## भारत के अलर्ट के बाद नेपाल में भी अमृतपाल सर्विलांस लिस्ट में शामिल, खुफिया तंत्र सक्रिय

**काठमांडू।** नेपाल की सरकार ने भी भगोड़े अमृतपाल सिंह को अपनी सर्विलांस लिस्ट में डाल दिया है। जिसके बाद अमृतपाल सिंह को लेकर नेपाल में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बता दें कि भारत सरकार की अपील पर नेपाल सरकार ने यह कदम उठाया है। माना जा रहा है कि अमृतपाल सिंह नेपाल में छिपा हो सकता है और हो सकता है। जांच एजेंसियों को शक है कि वह नेपाल से किसी अन्य देश भागने की कोशिश कर सकता है।

नेपाल के इमीग्रेशन विभाग ने अमृतपाल सिंह को सर्विलांस लिस्ट में डाला है। विभाग ने बताया कि हमें भारतीय दूतावास से एक लिखित नोट और अमृतपाल सिंह के पासपोर्ट की एक कॉपी मिली थी। दूतावास को शक है कि अमृतपाल सिंह नेपाल में दाखिल हो सकता है। भारतीय दूतावास ने अमृतपाल सिंह को सर्विलांस लिस्ट में डालने की अपील की। दूतावास ने अपील की है कि अमृतपाल सिंह को किसी तीसरे देश भागने की



अनुमति ना दी जाए।

भारतीय दूतावास ने नेपाल की सरकारी एजेंसियों से भी अपील की है कि अगर अमृतपाल सिंह नेपाल से भागने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। नेपाली मीडिया के अनुसार, अमृतपाल सिंह के निजी विवरण और तस्वीरें होटलों से लेकर एयरलाइन और सभी संबंधित एजेंसियों को भेज दिए गए हैं। साथ ही सादे कपड़ों में पुलिस के जवानों को सीमावर्ती इलाकों में तैनात कर दिया गया है। माना जा रहा है कि अमृतपाल सिंह पश्चिमी नेपाल की सीमा से नेपाल में दाखिल हो सकता है। पंजाब का कट्टरपंथी नेता और वारिस पंजाब दे संगठन का नेता अमृतपाल सिंह बीते कई दिनों से फरार चल रहा है।

## नेतान्याहू ने जनता से हिंसा से दूर रहने एवं जिम्मेदाराना व्यवहार करने की अपील की

**यरूशलम।** न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलाव की विवादित योजना के खिलाफ व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनता से जिम्मेदाराना व्यवहार करने और हिंसा से दूर रहने की अपील की। विवादित योजना के विरोध में देश भर से लोग यरूशलम में एकत्रित हो रहे हैं। विभिन्न श्रमिक संगठन भी इसके विरोध में सड़क पर उतरने लगे हैं। इस बीच इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से न्याय पालिका में आमूल-चूल बदलाव की विवादित योजना को तत्काल रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस योजना ने देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और समाज को खतरे में डाल दिया है।

राष्ट्रपति ने यह अपील तब की है जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस योजना का विरोध करने के लिए अपने रक्षा मंत्री को बर्खास्त कर दिया जिसके विरोध में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। मंत्री को बर्खास्त करने के बाद व्यापक प्रदर्शन के आलोक में नेतन्याहू ने अपने पहले सार्वजनिक बयान में कहा कि जिम्मेदाराना व्यवहार करें और हिंसा से दूर रहें। नेतन्याहू ने एक ट्वीट कर सरकार की योजना के विरोधियों और समर्थकों के बीच आज शाम हिंसक झड़पों की आशंका का संकेत दिया है। नेतन्याहू ने अपने ट्वीट में जोर देकर कहा कि हम सभी भाई-बहन हैं। लिकुड पार्टी के सूत्रों के हवाले से मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री विवादित योजना को रोक सकते हैं। उधर, राष्ट्रपति हरजोग ने सरकार से



देश की खातिर राजनीतिक मतभेदों को दूर रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि गत रात हमने बहुत मुश्किल हालात देखे। मैं प्रधानमंत्री, सरकार के सदस्यों और गठबंधन के सदस्यों से अपील करता हूं कि भावनाएं आहत हैं। पूरा देश गहरी चिंता में डूबा हुआ है। हमारी सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, समाज-सभी खतरे में हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इजराइल के लोगों की एकता की खातिर, आवश्यक जिम्मेदारी की खातिर, मैं आपसे विधाई प्रक्रिया तत्काल रोकने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने सत्ता में बैठे सभी नेताओं से देश के नागरिकों को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया।प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने न्याय पालिका में आमूल-चूल बदलाव की उनकी योजना को चुनौती देने वाले रक्षा मंत्री योआव गैलेन्ट को बर्खास्त कर दिया जिसके विरोध में हजारों प्रदर्शनकारी रात को सड़कों पर उतर आए। न्यायपालिका में बदलाव की सरकार की योजना का न केवल देश में विरोध किया गया बल्कि नेतन्याहू की इटली, जर्मनी और ब्रिटेन की यात्रा के दौरान भी यहूदी प्रवासी समुदाय के हजारों लोगों ने इसका विरोध किया था। इन प्रदर्शनों ने कारोबारी नेताओं, पूर्व सुरक्षा प्रमुखों तथा इजराइल के करीबी सहयोगी अमेरिका को भी चिंतित कर दिया है। इजराइल के सबसे बड़े श्रमिक संघ हिस्ताद्रुत के प्रमुख अर्नोन बार-डेविड ने सरकार की विवादित योजना को रोकने कोशिश में ऐतिहासिक हड़ताल की घोषणा की। तेल अवीव में इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे बेन गुरियन एअरपोर्ट ने ऐतिहासिक श्रम हड़ताल की घोषणा के कुछ देर बाद ही वहां से विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया।उच्च और माध्यमिक स्कूल छात्रों का प्रतिनिधित्व कर रही नेशनल स्टूडेंट एंड यूथ काउंसिल ने सोमवार सुबह से देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की। वहीं, विवादित योजना के खिलाफ विदेश में विभिन्न इजराइली मिशन में तैनात राजनयिकों ने हड़ताल शुरू कर दी है।

## बाइडन का डेमोक्रेसी समिट बन गया शहबाज शरीफ के गले की फांस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तरफ से आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन ने पाकिस्तान को गहरे असमंजस में डाल दिया है। पाकिस्तान उन 120 देशों में शामिल हैं, जिन्हें इस शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। लेकिन सोमवार रात तक पाकिस्तान सरकार यह तय नहीं कर पाई थी कि वह इसमें हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

ताइवान को इसमें बुलाया गया है। सम्मेलन के बारे में आम धारणा है



कि यह चीन को घेरने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है। इसलिए शहबाज शरीफ सरकार इस बात को लेकर आशंकित है कि उसके इसमें इसमें भाग लेने से चीन नाराज हो सकता है। तुर्किये को भी ये बात पसंद नहीं आएगी, जो पाकिस्तान का निकट सहयोगी देश है। दिसंबर 2021 में तत्कालीन सरकार ने यह कहते हुए अमेरिकी न्योता स्वीकार नहीं किया था कि जो बाइडन ने अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से बाकी देशों के नेताओं को फोन किया, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान से बात नहीं की थी। इसके अलावा इमरान खान से लाइव भाषण देने के बजाय अपने भाषण की वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने को कहा गया था, जिसे तत्कालीन सरकार ने पाकिस्तान के लिए अपमानजनक माना था। तत्कालीन सरकार ने कूटनीतिक भाषा में एक बयान जारी किया था, जिसमें आमंत्रण देने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया गया और कहा गया कि प्रधानमंत्री सही वक्त पर अमेरिका से संपर्क करेंगे। इमरान खान सरकार के इस रुख का चीन ने सार्वजनिक रूप से स्वागत किया था। उससे यह संदेश गया था कि पाकिस्तान ने वह फैसला चीन के इशारे पर लिया।

लेकिन इस बार नए हालात हैं, जिनसे शहबाज शरीफ सरकार के लिए अधिक मुसीबत खड़ी हुई है। शरीफ सरकार के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और पाकिस्तान के बीच उच्चस्तरीय संपर्क बना रहा है और दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज पाने के लिए बेसब्र है। अमेरिका की नाराजगी से इसमें रुकावट आ सकती है।

## डेमोक्रेसी समिट से डरे चीन ने अपना लिए हैं हमलावर तेवर, ताइवान को बुलाने से भड़का

**लंदन।** अमेरिका की पहल पर शुरू हो रहे तीन के समिट ऑफ डेमोक्रेसीज (लोकतंत्र शिखर सम्मेलन) से अमेरिका और चीन के बीच इस समय चल रहे वैचारिक संघर्ष के और तीखा रूप ले लेने का अंदेशा है। इस बार इस सम्मेलन में 121 देश आमंत्रित किए गए हैं। पहला डेमोक्रेसी समिट दिसंबर 2021 में हुआ था, जिसमें 113 देशों ने हिस्सा लिया था। सम्मेलन को ज्यादातर आमंत्रित नेता वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से संबोधित करेंगे। सम्मेलन में चीन और रूस को आमंत्रित नहीं किया गया है, जबकि ताइवान को इसमें बुलाया गया है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। इसलिए उसे दिए गए आमंत्रण से चीन में खास गुस्सा देखने को मिला है। चीन ने आरोप लगाया है कि इस आयोजन के जरिए अमेरिका दुनिया में विभाजन को चौड़ा कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सत्ता में आने के बाद से इस समय दुनिया में चल रहे टकराव



को लोकतंत्र बनाम तानाशाही के संघर्ष के रूप में पेश किया है। बाइडन ने इस बार अमेरिका के साथ चार देशों को सह-मेजबान बनाया है। दक्षिण कोरिया, जाम्बिया, कोस्टा रिका और नीदरलैंड्स के नेता सम्मेलन में इस हैसियत से मौजूद रहेंगे। विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को तानाशाही देश बता कर बाइडन उसे और उसके साथी देशों को घेरने की रणनीति के तहत इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इसके जवाब में चीन पिछले गुरुवार को एक अलग सम्मेलन आयोजित किया था। उसमें लगभग 100 देशों के तकरीबन 300 मेहमानों को बुलाया गया। उस सम्मेलन में अमेरिका की 'दादागीरी' का विरोध किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य ली शुलेई ने कहा- अमेरिका स्वयंभू जज के रूप काम करते हुए यह तय कर रहा है कि कौन देश लोकतांत्रिक है और कौन नहीं। उधर, चीन के विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते एक दस्तावेज जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी लोकतंत्र गिरावट के दौर में है, जबकि अमेरिका दुनिया भर में तनाव और अफरातफरी फैलाने में लगा हुआ है।

इस मौके पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि अमेरिका दुनिया के लिए कभी वरदान नहीं रहा, बल्कि वह एक अभिशाप रहा है। साथ ही दक्षिण अफ्रीका में चीनी राजदूत चेन शियाओदोंग ने स्थानीय मीडिया में पिछले हफ्ते एक लेख लिखा। उसमें आरोप लगाया गया कि अमेरिका डेमोक्रेसी समिट के जरिए दुनिया में विभाजन पैदा कर अपनी दादागीरी जारी रखना चाहता है। चीन सरकार के अखबार चाइना डेली ने एक संपादकीय में आरोप लगाया है कि अमेरिका सियासी मकसदों से लोकतंत्र को हथियार बना कर दुनिया में गुटबाजी कर रहा है।

## पैन को आधार से लिंक करने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने (स्थाई खाता संख्या) पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को तीन महीने बढ़ाकर 30 जून कर दी है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। सीबीडीटी के मुताबिक करदाताओं को राहत देने के लिए पैन कार्ड के साथ आधार को लिंक करने की समय-सीमा को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून, 2023 कर दिया गया है। इससे पहले भी पैन-आधार लिंक करने की आखिरी तारीख दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहली बार इसे 30 जून, 2022 तक बढ़ाया गया, जिसके बाद बढ़ाकर 31 मार्च, 2023 कर दिया गया था। बयान के मुताबिक आयकर कानून 1961 के तहत एक जुलाई, 2017 तक जिस भी व्यक्ति को पैन कार्ड जारी किया गया है। उसे अपने आधार के साथ पैन को लिंक करना अनिवार्य है। सरकार ने एक अप्रैल, 2022 से पैन-आधार लिंक करने की फीस 500 रुपये रखी थी, जिसे एक जुलाई 2022 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया है।